फाल्गुन माह , कृष्ण पक्ष 21 वर्ष, अंक 42 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार 06 मार्च 2022

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'विकास के लिए डबल इंजन की सरकार जरूरी'

## बनारस में पीएम ने प्रबुद्ध जनों से किया संवादः शत-प्रतिशत मतदान की अपील, विकास कार्यों को गति मिलती रहे, इसके लिए डबल इंजन की सरकार जरूरी

**वाराणसीः** विधानसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण में पूर्वांचल के नौ जिलों की 54 सीटों पर फतह के लिए वाराणसी में डेरा डाले भाजपा के शीर्ष नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को प्रबुद्धजनों से संवाद किया। मोदी ने कहा कि आप लोग एक बार फिर भाजपा की सरकार बनाने में मदद करें। लोगों को प्रेरित करें कि शत-प्रतिशत मतदान हो। महमूरगंज रमन निवास में आयोजित संवाद कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने काशी के कला, साहित्य एवं संस्कृति क्षेत्र के विशिष्ट जनों से कहा कि देश की अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने की ताकत उत्तर प्रदेश में है। आने वाले समय में उत्तर प्रदेश अर्थव्यवस्था का बड़ा ताकत बन जाएगा। उन्होंने देश और दुनिया के वर्तमान हालात, चुनौतियों पर चर्चा के साथ ही काशी के विकास को लेकर भी अपना विजन रखा। उन्होंने काशी विश्वनाथधाम के निर्माण को लेकर भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर को पहले ही बन जाना चाहिए था जो अब बना है। उन्होंने गुजरात में सरदार पटेल की सबसे ऊंची प्रतिमा को बनवाने और इससे लोगों के जुड़ाव पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में बीते 5 साल में धरोहरों को सहेजने के साथ-साथ विकास के अनगिनत कार्य हुए हैं। विकास कार्यों को इसी तरह गति मिलती रहे, इसके लिए डबल इंजन की सरकार बहुत जरूरी है। मोदी ने कहा कि पांच साल पहले उत्तर प्रदेश का नाम अन्य राज्यों के लोग सुनकर घबरा जाते थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुशल



प्रशासन के माध्यम से प्रदेश में कानून का राज स्थापित किया। आप लोग एक बार फिर भाजपा की सरकार बनाने में मदद करें। लोगों को प्रेरित करें कि शत-प्रतिशत मतदान हो।

प्रधानमंत्री ने संवाद के दौरान कहा कि वाराणसी में आप लोगों के बीच आना मैं अपने लिए सौभाग्य की बात मानता हूं। मैं बड़ा ही भाग्यशाली हूं कि भोले बाबा और मां गंगा के इस शहर में मुझे सेवा का अवसर मिला। प्रबुद्ध जनों से बातचीत के बाद प्रधानमंत्री पिंडरा, अजगरा, शिवपुर, रोहनियां, सेवापुरी विधानसभा के उम्मीदवारों के समर्थन में खजुरी मिजार्मुराद में जनसभा करेंगे। इसके बाद उनका दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है। आज चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है।



## घोर परिवारवादियों को नकार चुकी है जनताः नरेन्द्र मोदी

**वाराणसीः** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण के प्रचार के अंतिम दिन शनिवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दो दिवसीय दौरे में प्रधानमंत्री ने लोगों को संदेश दिया कि डबल इंजन सरकार का डबल बेनिफिट है, जिसका लाभ उत्तर प्रदेश का हर नागरिक उठा रहा है। मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का ये तीसरा दशक पूरी दुनिया के लिए नई चुनौतियां, अभूतपूर्व संकट लेकर आया है, लेकिन भारत ने तय किया है कि इस अभूतपूर्व संकट और चुनौतियों को हम अवसर में बदलेंगे। ये संकल्प सिर्फ मेरा नहीं है, ये हिंदुस्तान के 130 करोड़ नागरिकों का है, आप सभी का है। प्रधानमंत्री ने मिजार्मुराद क्षेत्र के खजुरी में भाजपा की चुनावी जनसभा में सपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग, उत्तर प्रदेश को गुंडागर्दी, मनचले, माफिया, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, अवैध कब्जे देने वाले घोर परिवारवादियों को पूरी तरह नकार चुके हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने दशकों से शायद ऐसा चुनाव नहीं देखा होगा। घोर परिवारवादी वोकल फॉर लोकल से भी चिढ़ते हैं। पूरी दुनिया में आज योग की, आयुर्वेद की धूम मची है, लेकिन ये घोर परिवारवादी योग का नाम लेने से भी बचते हैं। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जो खादी एक जमाने में कांग्रेस की पहचान होती थी, वो उसी खादी को भूल गयी। हमारे ये जो विरोधी लोग हैं उनसे कभी आपने एक बार भी सुना कि अपने देश में बनी हुई चीजें खरीदो, अपने देश में बनी हुई चीजों का उपयोग करो, देश में बनी चीजों को बढ़ावा दो? जनसभा में प्रधानमंत्री ने योगी सरकार के ईमानदार छवि की सराहना कर कहा कि ऐसा चुनाव जब सरकार अपने काम पर, अपनी ईमानदार छवि पर, भेदभाव और पक्षपात रहित विकास पर और सुधरी हुई कानून व्यवस्था के दम पर जनता-जनार्दन का आशीर्वाद मांग रही है।

## भाजपा की सरकार बनी तो पांच लाख युवकों मिलेगा रोजगारः योगी




**भदोहीः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सपा, बसपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में गरीबों नहीं, अपराधियों और गुंडों का कल्याण होता था। गरीबों का राशन हाथी खा जाता था। मेरी सरकार बनी तो पांच लाख युवकों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भदोही के मोढ़ में भाजपा उम्मीदवार रविंद्रनाथ त्रिपाठी और औराई में दीनानाथ भाष्कर के लिए चुनावी रैली को सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब होली और दिवाली पर हर परिवार को एक-एक रसोई गैस मुफ्त मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पूर्व प्रदेश में बिजली नहीं आती। कोरोना काल में हमारी सरकार ने जरूरतमंदों को महीने में दो बार राशन की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई। भाजपा सरकार में सभी को वैक्सीन मुफ्त दी गई, अगर यह सपा की सरकार होती तो वैक्सीन को बेच दिया जाता। हमारी सरकार में लोगों को दाल, नमक और राशन के साथ तेल भी मुफ्त मिल रहा है। योगी ने कहा कि हमारी सरकार में लोगों को पेंशन शौचालय और दूसरी सुविधाएं निःशुल्क दी जा रही हैं। हम सत्ता में वापस आए तो पांच लाख नौजवानों को रोजगार दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले बेटी की शादी के लिए ?50000 दिए जाते थे लेकिन अब उसे बढ़ाकर रुपए एक कर दी गई। सपा के राज में गुंडों और अपराधियों को खुली छूट थी। प्रदेश में बेटियां सुरक्षित नहीं थी। समाजवादी पार्टी का पांच साल का कार्यकाल कब्रिस्तान की बाउंड्री वॉल बनवाने में चला गया। प्रदेश में भारी संख्या में एयरपोर्ट का निर्माण और एक्सपो मार्ट का निर्माण किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रविंद्र नाथ त्रिपाठी ने भदोही और ज्ञानपुर के विकास लिए जो भी विकास योजनाएं मांगी उन्हें उपलब्ध कराई गई। हमारी सरकार ने प्रदेश को दंगा और अपराध मुक्त किया। किसानों गरीबों और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आप एक बार पुनः दूसरी बार भाजपा की सरकार बनवाएं।

# पोलैंड नहीं भागे राष्ट्रपति जेलेंस्की!

## एक बार फिर दुनिया के सामने आए यूक्रेनी राष्ट्रपति वीडियो जारी कर कहा- मैं यहीं हूं, छिपा नहीं हूं

**कीवः रूस**-यूक्रेन जंग के बीच पोलैंड भाग जाने की अफवाह के बाद एक बार फिर ये वोलोदिमिर जेलेंस्की दुनिया के सामने आए हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने शनिवार को अपने इंस्टाग्राम पर वीडियो जारी किया। इसमें वह अपने कार्यालय में दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में एक और कर्मचारी दिख रहा है। वह लिखते हैं- "मैं कीव में हूं। मैं यहीं से काम कर रहा हूं। कोई भी नहीं छिपा है।"



**दूसरी बार उड़ी थी अफवाहः** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच यह दूसरी बार है जब, जेलेंस्की के यूक्रेन छोड़ने की अफवाह उड़ी है। इस बार एक रूसी राजनेता ने दावा किया था कि, जेलेंस्की पोलैंड भाग गए हैं। अफवाह थी कि, उन्होंने दो मार्च को ही यूक्रेन छोड़ दिया था। इसके बाद जेलेंस्की ने वीडियो जारी कर प्रमाण दिया कि वह कीव में ही हैं और यहीं से काम कर रहे हैं।

**अमेरिकी ऑफर स्वीकार करने की थी अफवाहः** इससे पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति को लेकर अफवाह थी कि, अमेरिका ने उन्हें यूक्रेन से सुरक्षित बाहर निकालने का प्रस्ताव दिया है और जेलेंस्की ने इसे स्वीकार कर लिया है। हालांकि, उस समय भी जेलेंस्की ने वीडियो जारी कर प्रमाण दिया था कि वह यूक्रेन में ही हैं।

**तीन बार हत्या के प्रयास का दावाः** तीन बार जेलेंस्की की हत्या का प्रयास किया जा चुका है। हालांकि, तीनों बार जेलेंस्की खुद को बचाने में कामियाब हुए हैं। इससे पहले जेलेंस्की रूसी राष्ट्रपति पुतिन पर आरोप भी लगा चुके हैं

# उत्तराखंडः चुनाव परिणाम से पहले ही गोटियां फिट करने में जुटे कांग्रेसी

**देहरादूनः** चुनाव परिणाम भले ही 10 को आएगा लेकिन चुनाव परिणाम से पहले ही कांग्रेसी दिग्गज अपनी-अपनी गोटियां फिट करने में जुट गए हैं। पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आने की आस लगाए बैठे इन कांग्रेसी नेताओं को पता है कि सीएम कौन होगा, इसका फैसला हाईकमान को ही करना है। यही कारण है कि चुनाव परिणाम से पूर्व ही वह अपनी दावेदारी का आधार मजबूत करने के लिए दून से दिल्ली की दौड़ लगा रहे हैं। चुनावी नतीजों को लेकर



संभावनाओं पर विचार के साथ दूसरा जो अहम मुद्दा है, वह सीएम पद का ही है। भले ही कांग्रेस हाईकमान द्वारा चुनाव पूर्व कोई भी सीएम चेहरा घोषित न किया गया हो,

लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत समय-समय पर अपने द्वारा दिए गए बयानों के जरिए स्वयं को ही सीएम का चेहरा बताते रहे हैं।

## 3 करोड़ युवाओं को लगी कोरोना के टीके

**नई दिल्लीः** राष्ट्रव्यापी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत एक और शानदार उपलब्धि हासिल कर ली है। 15-18 साल के 3 करोड़ से अधिक युवाओं को कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज लग चुकी है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने शनिवार को ट्वीट करके कहा कि 15-18 साल के 3 करोड़ युवाओं को कोरोना रोधी टीके की दोनों खुराक दी जा चुकी है। डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि देश का युवा दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान को अगले स्तर पर ले जा रहा है। युवाओं के इस जज्बे को सलाम है।

## छह चरणों में जनता ने भाजपा का भाप निकाल दियाः अखिलेश

**आजमगढ़ः** उत्तर प्रदेश में सातवें यानि अंतिम चरण में नौ जिलों की 54 सीटों पर सात मार्च को मतदान है। इस चरण का आज शाम पांच बजे चुनाव प्रचार थम जायेगा। प्रचार के अंतिम दिन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अतरौलिया के रानीपुर में अतरौलिया और फुलपुर की विधानसभा की संयुक्त रैली को सम्बोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ उनका घर है,अबकी बार दस की दस विधानसभा सीटे जितने में कोई संदेह नहीं होना चाहिए। अखिलेश ने वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लगाये गये टोपी पर चुटकी लेते हुए कहा कि टोपी की बुराई करने वालों ने टोपी पहन ली, लेकिन रंग बदला है, ये लोग रंग बदलने वाले है। पांच साल डबल इंजन की सरकार ने किसानों का भला नहीं किया, मंहगाई बढ़ गयी। जनपद में सपा सरकार के द्वारा शुरू किये गये विकास कार्यों को इन लोगों ठप करने का काम किया है। कहा कि गर्मी निकालने वालों को छह चरणों में जनता ने भाप निकाल दिया।

# इस बार उत्तराखंड में भाजपा को नहीं करने देंगे कोई खेल : हरीश रावत

**हल्द्वानी/लालकुआंः** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि इस बार वह भारतीय जनता पार्टी को कोई खेल नहीं करने देंगे। भाजपा को उसके मंसूबों में नाकामयाब करने के लिए कांग्रेस पार्टी पूरी तरह सतर्क है, क्योंकि भाजपा सरकार की नीतियों से प्रदेश की जनता त्रस्त हो चुकी है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कांग्रेस कार्यकताओं के घर जाकर उनसे भेंट करने के क्रम में खड़कपुर के ग्राम प्रधान शंकर जोशी के आवास में पर वहां के ग्रामीणों से भेंट करते हुए सभी का आभार जताया। साथ ही



उन्होंने कार्यकताओं के साथ भोजन भी किया। वह लगभग 1 घंटे तक कार्यकताओं के साथ रहे और बातचीत करते रहे। इस दौरान उनके साथ फोटो खिंचाने वालों की लंबी भीड़ लगी रही। लोग ग्रुपों में उनके साथ फोटो खिंचा रहे थे। सेल्फी लेने का भी क्रेज काफी दिखाई दिया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रावत ने कहा कि इस बार उत्तर प्रदेश में लंबे समय के उपरांत कांग्रेस के प्रति लोगों में रुझान दिखाई दे रहा है।

उत्तर प्रदेश में इस बार किसी भी हाल में भाजपा वापसी करने वाली नहीं है, वहां अन्य दल की इस बार सरकार बनेगी। पूर्व मुख्यमंत्री से जब यह पूछा गया कि क्या उत्तराखंड में जीते हुए विधायकों को कहीं और शिफ्ट किया जाएगा।

## यूरोप में बड़ा साइबर अटैक




**पेरिसः** यूक्रेन और रूस के बीच 10वें दिन भी जंग जारी है। इस बीच, यूरोपीय देशों में बड़ा साइबर अटैक हुआ।

इस अटैक के बाद यूरोप के कई शहरों के हजारों यूजर्स का इंटरनेट बंद हो गया। सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस देने वाली कंपनी बिगब्लू के मुताबिक, उसके यूरोप, जर्मनी, फ्रांस, ग्रीक, इटली और पोलैंड के करीब 40 हजार यूजर्स में 15 हजार इंटरनेट बंद होने से प्रभावित हुए। जर्मनी और मध्य यूरोप में 11 गीगावाट के करीब 5,800 पवन टर्बाइन भी बंद हो गए।

# अब ईवीएम पर शक करने की गुंजाइश नहीं

## वीवीपैट लगाना भरोसा जगाने का कदम

**मीरजापुरः** इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम पूरी तरह से सुरक्षित और भरोसेमंद है। इसके साथ किसी तरह छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। हर ईवीएम के साथ एक वीवीपैट (वोटर वैरिफायबल पेपर ऑडिट ट्रेल) मशीन है। इससे चुनाव में गड़बड़ी को लेकर शक करने की गुंजाइश नहीं है।

वीवीपैट यानी वोटर वैरिफायबल पेपर आडिट ट्रेल एक प्रिंटर मशीन है, जो ईवीएम की बैलेट यूनिट से जुड़ी होती है। यह मशीन बैलेट यूनिट के साथ उस कक्ष में रखी




जाती है, जहां मतदाता गुप्त मतदान करने जाते हैं। वोटिंग के समय वीवीपैट से एक पर्ची निकलती है। इसमें उस पार्टी और उम्मीदवार की जानकारी होती है, जिसे मतदाता ने वोट डाला। वोटिंग के लिए ईवीएम का बटन दबाने के साथ वीवीपैट पर एक पारदर्शी खिड़की के जरिए मतदाता को पता चल जाता है कि उसका वोट संबंधित उम्मीदवार को चला गया है। मतगणना के वक्त अगर कोई विवाद हो तो वीवीपैट बाक्स की पर्चियां गिनकर ईवीएम के नतीजों से मिलान किया जा सकता है। वीवीपैट से न केवल मतदाता को अपने वोट के सही उम्मीदवार को जानने की तसल्ली होगी, बल्कि विवाद होने पर वोटिंग का पेपर ट्रेल भी उपलब्ध रहेगा। इस तरह से ईवीएम को लेकर उठाए जा रहे सवालों को पूरी तरह हल किया जा सकता है।

**छेड़छाड़ होने पर काम करना बंद कर देती हैं ईवीएमः**
साइबर एक्सपर्ट दीपक कुमार ने बताया कि नई वोटिंग मशीनें तकनीकी रूप से ज्यादा उन्नत है। उनके साथ छेड़छाड़ होने पर काम करना बंद कर देती हैं। नई मशीनों में ऐसी तकनीक है जिससे वे आपस में असली और नकली ईवीएम की पहचान कर सकते हैं।

## महंगाई की मारः मदर डेयरी ने भी बढ़ाए दूध दाम

**नई दिल्लीः** अमूल के बाद मदर डेयरी ने दूध के दामों में बढ़ोतरी कर दी है। कंपनी की ओर से प्रति लीटर दो रुपये बढ़ाने का एलान किया गया है। बढ़े दाम दिल्ली-एनसीआर में रविवार से प्रभावी होंगे। मदर डेयरी कंपनी का कहना है कि इनपुट कॉस्ट में भारी बढ़ोतरी हुई है। दूध के दामों में बढ़ोतरी की यह घोषणा अमूल और पराग मिल्क फूड्स द्वारा दो रुपये प्रति लीटर बढ़ाए जाने के बाद की गई है। कंपनी की ओर से शनिवार को कहा गया कि बढ़ती खरीद कीमतों, ईंधन और पैकेजिंग की लागत के चलते दिल्ली-एनसीआर में दूध के




दाम प्रति लीटर दो रुपये बढ़ाए जा रहे हैं।

कंपनी के इस एलान के बाद अब फुल क्रीम दूध की कीमत 59 रुपये प्रति लीटर होगी। वहीं, टोंड दूध की कीमत बढ़कर 49 रुपये और डबल टोंड दूध 43 रुपये में मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग लड़की को लेकर युवक फरार अपहरण का मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** चौदह वर्ष की किशोरी को युवक और उसका दोस्त लेकर फरार हो गए। उलहना देने पर परिजनों को जान से मारने की धमकी दिए। किशोरी के पिता ने दो नामजद दो अज्ञातों के खिलाफ मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि उसकी 14 वर्षीय बेटी को गांव का एक युवक तथा उसका दोस्त लेकर फरार हो गए। युवक के परिजनों को उलहना देने पर उसे गालियां दी गई और जान से मारने की धमकी दी गई। किशोरी के पिता ने मऊआइमा थाने में शिवकुमार सरोज पुत्र हरिश्चन्द्र तथा ग्राम सराय सुल्तान उर्फ पूरे मखदूम निवासी व समर सिंह पुत्र विजय कुमार और शिवकुमार के भाई एंव पिता नाम अज्ञात के खिलाफ धमकाने का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# खाद लदे पिकअप को कृषि अधिकारी ने दबोचा

## जांच में स्टाक की कमी के साथ अन्य अनियमितता मिली, दुकान को किया गया सीज

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** कृषि विभाग के अधिकारियों ने शनिवार को प्रयागराज के मैदा गडैय़ाकला जारी बाजार से इफको डीएपी की एक खेप पिक-अप द्वारा कटरा रीवां मध्यप्रदेश ले जा रही थी, जिसे नारीबारी मे कृषि विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने धर दबोचा और पिक-अप को नारीबारी पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

शनिवार को प्रयागराज के जिला कृषि अधिकारी सुभाष चन्द्र मौर्य को जानकारी प्राप्त हुई की विगत दिनों की भांति शनिवार को भी गडैया जारी से पिक-अप द्वारा पुनः डीएपी की खाद मध्यप्रदेश ले जाई जा रही है। जिस पर जिला कृषि अधिकारी तत्काल मौके पर निकल पड़े। रास्ते में शंकरगढ़ कृषि गोदाम प्रभारी तुलाराम यादव समेत अन्य लोगों को नारीबारी पहुंचने को कहा। जब तक अधिकारी जारी पहुंचते, तब तक पिकअप खाद लादकर निकल पड़ी थी। नारीबारी



खाद लदे पिकअप को कृषि अधिकारी ने दबोचा


अनियमितता पर खाद की दुकान को सीज करते अधिकारी

पहुंचते ही चौकी के दीवान गिरीश मिश्रा ने गाड़ी को रोका और पूछताछ की जिस पर ड्राईवर पंकज रावत ने बताया कि 70 बोरी डीएपी जारी से कटरा ले जा रहा था। ड्राइवर ने बताया मेरे पास कोई कागजात नहीं है। जिला कृषि अधिकारी सुभाष चंद्र मौर्य ने पिक-अप को नारीबारी चौकी के सुपुर्द कर ड्राईवर को साथ लेकर औधोगिक उत्पादन एवं विपणन सहकारी समिति लिमिटेड मैदा गढ़ैया कला जारी बाजार पहुंच सचिव व दुकान मालिक अरविंद से पूछताछ किया। जिला कृषि अधिकारी सुभाष चन्द्र मौर्य ने बताया कि दुकान पर मौजूद दस्तावेज चेक किया गया जिसमें डीएपी और यूरिया का काफी कम स्टाक पाया गया। साथ ही अभिलेख में अनियमित्ताए भी पाई गई। दुकान को सीज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। शनिवार की शाम अधिकारियो ने नारीबारी शंकरगढ मे पिक-अप और ड्राईवर के सुपुर्दगी की तहरीर देकर अग्रिम कार्यवाही की बात कहते हुए दुकानदारो को चेताया की इस तरह अवैधानिक कार्य बन्द कर दे अन्यथा सख्त कार्यवाही की जाऐगी। इसके पूर्व नारीबारी के दो दुकानो के लाईसेंस निरस्त किए गए है। इस कार्यवाही में सुभाष चंद्र मौर्य डीएओ-जिला कृषि अधिकारी, अर्पिता राय उपसम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, राजेश शिवहरे बफर गोदाम प्रभारी, सुरेश कुमार दुबे एनएफएसएम सलाहकार,अनिल कुमार मौर्य एसएमएस, तुलाराम यादव प्रभारी बीज गोदाम शंकरगढ़, मुकेश सिंह वरिष्ठ तकनीकी सहायक,कमल अहमद बीज गोदम प्रभारी जसरा, जमुलाउद्दीन अंसारी एसएमएस बारा आदि रहे।

## न्यूज झरोखा

### अल्ट्राटेक सीमेंट कम्पनी ने प्राइमरी में बांटा स्कूल बैग



**शंकरगढ़।** सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन में हमेशा आगे रहने वाली अल्ट्राटेक सीमेंट ने शनिवार को यमुनापार के शंकरगढ़ स्थित प्राथमिक विद्यालय कपारी (सपेरा बस्ती) में 100 छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग प्रदान किया। प्रधानाचार्य मीरा सिंह के साथ अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के एचआर हेड ललन सिंह ने विद्यालय के 100 छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग प्रदान किया। उन्होंने कहा कि अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी ने अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में हमेशा आगे रही है। इसी के तहत आज स्कूल बैग का वितरण किया गया। आगे भी बच्चों के उपयोग की वस्तुओं जैसे खेलकूद की सामग्री आदि का वितरण किया जाएगा। ललन सिंह ने कहा कि मार्च महीने में क्षेत्र के सभी परिषदीय विद्यालयों में स्कूल बैग का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर एचआर अफसर संजीव श्रीवास्तव, ईएंडआई विभाग के इंजीनियर सुशील सिंह, सेफ्टी विभाग के राघवेंद्र सिंह समेत विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### निःशुल्क नेत्र शिविर में 221 मरीजों ने कराई जांच



**करछना।** विकास खंड के ग्राम पंचायत सेमरहा उपरहार मे सरकारी भवन पंचायत में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन ग्राम सभा के प्रधान श्री शंकर एवं प्रतिनिधि शिव कुमार के सौजन्य से रिति आय केयर अस्पताल के कुशल चिकित्सकों के द्वारा गांव के कुल 211 मरीजों की आंख के रोगों का इलाज किया गया। और निःशुल्क दवाएं दी गई ,जिसमें आँख के मरीजों को मोतियाबिंद जैसी रोगियों को आपरेशन के लिए सलाम दीगई और मरीजों को चस्मा दिया गया। शिविर में डाक्टर रमेश शुक्ला, डा, अभिषेक सिंह, डाक्टर अभिषेक अग्रवाल, डा, प्रिन्स अग्रवाल, डा अंजलि सिंह के कुशल चिकित्सक की उपस्थिति में जांच की गयी ।

### शकुशल वापिस आया यूक्रेन से मेडिकल छात्र



**कोरांव।** कोरांव के ग्राम गजनी का संदीप सिंह पटेल यूक्रेन से सकुशल अपने वतन वापिस आया,जिससे मां ममता सिंह पिता राकेश कुमार पटेल आदि परिजन राहत की सांस लिए। बता दें कि संदीप भी यूक्रेन मुल्क के विन्नित्सिया में ठहर कर मेडिकल की पढ़ाई करता है।4/5 मार्च की रात्रि वह घर गजनी पहुंचा। संदीप के अनुसार उसे रोमानिया बॉर्डर पर मिलिट्री वालों ने रोक रखा था। घर पहुंचा छात्र संदीप मेडिकल पढ़ाई की अधूरी छोड़ कर आने को मजबूर हुआ। इसी तरह वहां गए सभी छात्र अपनी हंसरतें अधूरी कर के लौटने को मजबूर हुए है। यूक्रेन में फंसे मेडिकल स्टूडेंट्स सही सलामत आ गए यही ईश्वर की बहुत बड़ी कृपा मेहरबानी रही। संदीप एमबीबीएस कोर्स का प्रथम वर्ष का छात्र है।

# शुआट्स में मनाया गया विश्वविद्यालय दिवस

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) में विश्वविद्यालय दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शुआट्स के फाउंडर कुलपति एवं यीशु दरबार चर्च के बिशप मोस्ट रेव्ह. प्रो0 राजेन्द्र बी. लाल द्वारा संस्थान की उन्नति व प्रगति के लिये दिये गये योगदान को भी याद किया गया। कोविड -19 गाईडलाईन का पालन करते हुए यीशु दरबार विश्वविद्यालय चर्च प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन एवं वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर भी प्रसारण किया गया।

शुआट्स कुलाधिपति डा0 जे.ए. ओलीवर ने सभी को विश्वविद्यालय दिवस की बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के चतुर्मुखी विकास में प्रो. आर.बी. लाल का त्याग अतुल्यनीय है। उन्होंने प्रो. लाल को लिविंग लीजेन्ड बताते हुए कहा कि उनके कठिन परिश्रम, समर्पणता व योगदान की सराहना की साथ ही उनके हर कदम पर साथ देने के लिये निदेशक कैम्पस मिनिस्ट्रीय डा. सुधा लाल के सहयोग को भी सराहा। कुलाधिपति डा. जे.ए. ओलीवर एवं उनकी पत्नी डा. इंदिरा वसन्था ओलीवर ने डा. आर.बी. लाल व डा. सुधा लाल को स्मृति चिन्ह व शॉल पहनाकर



स्मृति चिन्ह व सोल ओढ़ाकर सम्मानित करते

सम्मानित किया। कुलाधिपति ने डा. आर.बी. लाल के जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनके स्वस्थ व दीघार्यु होने की कामना की।

कुलपति प्रो. राजेन्द्र बी. लाल ने कहा कि संस्थापक के दर्शन को सदैव यादव रखना चाहिये तभी प्रगति के पथ पर हम अग्रतर हो सकते हैं। उन्होंने साझा किया कि इलाहाबाद एग्रीकल्चरल इंस्टीट्यूट के संस्थापक डा. सैम हिग्गिनबॉटम की आत्मकथा से प्रभावित होकर उन्होंने संस्थान के विकास के लिय अथक प्रयास किये। परमेश्वर के आशीष से संस्थान में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा व शोध, खाद्य सुरक्षा, तकनीकी हस्तांतरण सहित सुसमाचार, भूखे को भोजन व भूमि की सेवा के सिद्धान्त पर विश्वविद्यालय कार्य कर रहा है। उन्होंने बाईबल वचन साझा करते हुए कि मनुष्य से जाति-धर्म के आधार पर भेदभाव करना सृष्टिकर्ता का निरादर है। अपने पड़ोसी से अपने समान प्रेम करो तभी पूरी धरती पर शान्ति स्थापित हो सकेगी। परमेश्वर के वचन से बड़ी कोई शक्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु मसीह सिर्फ ईसाई धर्म के परमेश्वर नहीं है अपितु सबसे बड़े धर्मनिरपेक्ष और मुक्तिदाता हैं।निदेशक कैम्पस मिनिस्ट्री डा. सुधा लाल ने कहा कि परमेश्वर की आवाज सुनकर डा. आर.बी. लाल अमेरिका से भारत आये। परमेश्वर की इच्छा के अनुसार डा. आर.बी. लाल को परमेश्वर ने चुना है। प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो. एस0बी0 लाल ने सभी का स्वागत किया और कहा कि कुलपति प्रो. आर.बी. लाल के कठिन परिश्रम से ही संस्थान को डीम्ड विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय दर्जा प्राप्त हो सका। प्रति कुलपति (शैक्षिक) प्रो. ए.के.ए. लॉरेन्स ने डा. राजेन्द्र बी. लाल को कुशल प्रशासक, ख्यातिप्राप्त वैज्ञानिक, शिक्षाविद, आध्यात्मिक लीडर बताते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला व उनकी उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि डा. आर.बी. लाल ने राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं में बतौर चेयरमैन देश के कृषि, शिक्षा, शोध एवं प्रसार के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया है। संयुक्त कुलसचिव डा. सी.जे. वेस्ली ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को संक्षेप में बताया। निदेशक आई.पी.सी. प्रो0 जोनाथन ए. लाल ने कहा कि परमेश्वर में बने रहना मजबूती प्रदान करता है और कुलपति प्रो. राजेन्द्र बी. लाल ने परमेश्वर पर विश्वास करते हुए कार्य किया जिससे संस्थान ने राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति अर्जित की। संयुक्त निदेशक एचआरएम इंजी. अभिलाषा लाल ने प्रार्थना को सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए कहा कि परमेश्वर के आशीष ने उन्हें और उनके बच्चे को स्वस्थ किया। प्रति कुलपति (पीएमडी) प्रो. रेव्ह. सर्वजीत हरबर्ट ने मसीही गीत ह्यदर्शन दे दो मेरे प्रभुह्ल की प्रस्तुति दी। कुलपति डा. आर.बी. लाल के पोते ज्वायस ने भी प्रार्थना की, साथ ही पोती ज्वायसी ने भी डा. आर.बी. लाल को परमेश्वर का सच्चा सेवक बताते हुए उन्हें विश्वविद्यालय का मजबूत स्तंभ बताया। पूर्व में रेहाना प्रसाद ने ह्यधन्यवाद के ये आंसूह्ल गीत की प्रस्तुति दी। विश्वविद्यालय क्वायर ने भी मसीही गीत की प्रस्तुति दी एवं पांच भाषाओं में प्रार्थना की। इस अवसर पर निदेशक प्रशासन विनोद बी लाल, कुलसचिव प्रो. रॉबिन एल. प्रसाद, बिशप मोरीस एडगर दान, श्रीमती आरती मिश्रा (लखनऊ), संयुक्त निदेशक एचआरएम इंजी. अभिलाषा लाल, रेव्ह डेविड फिलिप्स, डा. सी.जे. वेसली, डा. आशीष एजेक्जेंडर सहित निदेशकगण, डीन आदि उपस्थित रहे।

# मेजा ऊर्जा निगम में मनाया गया 51 वॉ राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस



राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर आयोजित ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेते निगम के अधिकारी-कर्मचारी

**सुरक्षाके साथ किसी भी कीमत पर कोई समझौता नही : अनिल कुमार**

**जिन्दगी के सभी पहलू में सुरक्षा है महत्वपूर्ण**

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** सुरक्षा जीवन के सभी पहलू में महत्वपूर्ण हैं सुरक्षा व्यवस्था के साथ किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करना चाहिये उक्त उद्गार मेजा ऊर्जा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बीते शुक्रवार को निगम परिसर में आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। श्री सिंह ने जीवन की सुरक्षा पर विस्तार से टिप्पणी देते हुए उपस्थिति अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बताया कि सुरक्षा जिन्दगी के सभी पहलू में अति महत्वपूर्ण है। सुरक्षा के साथ किसी भी कीमत पर कोई समझौता नहीं होगा। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए निगम के उपमहाप्रबंधक (सुरक्षा) आर के प्रजापति के द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम में ऊर्जा निगत परिसर को दुर्घटना शून्य बनाने का लक्ष्य रखा गया। इतना हीं नहीं राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर मेजा ऊर्जा निगम के प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा संदेश का प्रदर्शन किया गया साथ ही साथ सभी कर्मचारियों एवं ठेका कर्मचारियों के लिए सुरक्षा ज्ञान प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सुरक्षा एवं स्वास्थ्य प्रतिज्ञा भी दिलाई गयी। कार्यक्रम के अंत में उपमहाप्रबंधक (सुरक्षा) आर के प्रजापति एवं उप महाप्रबंधक (सुरक्षा) संजय कुमार शर्मा ने सामूहिक रूप से उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर निगम के सभी महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई।





यूक्रेन से अपने वतन और फिर सकुशल घर पहुंचे छात्रों ने अपने परिजनों से मिलकर खुशी बांटते

# यूक्रेन से आए छात्रों ने भुरि भुरि प्रशंसा करते हुए मोदी जी को दिया धन्यवाद

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** युक्रेन में फंसे छात्रों की घर वापसी पर जिलाध्यक्ष अश्विनी कुमार द्विवेदी ने गंगापार जिले के झूंसी मण्डल अन्तर्गत आजाद नगर( केवटाना) नगर पंचायत झूंसी निवासी कृपा शंकर मिश्र के आवास पर पहुंच कर प्राची मिश्रा से , गंगोत्री निवास मायापुरी कालोनी छतनाग रोड वैभव त्रिपाठी पुत्र अरविंद कुमार त्रिपाठी, आवास विकास कालोनी योजना 2 के निवासी सौरभ पाण्डेय पुत्र शिवप्रकाश पाण्डेय, त्रिवेणी पुरम झूंसी निवासी सतेन्द्र यादव पुत्र विरेन्द्र यादव से मुलाकात कर कुशलक्षेम जाना। छात्रों ने बताया कि युद्ध जैसे हालात जब बनने लगे तभी से हम अपनी युनिवर्सिटी से आनलाइन क्लास की मांग कर रहे थे लेकिन युनिवर्सिटी ने मना कर दिया। जब रुस ने यूक्रेन पर हमला किया तो उस दिन भी हम सबका क्लास था। हमने जब युक्रेन छोड़ा तो बार्डर पार करने में एक एक कदम संघर्ष किया। जब बार्डर खुला तब हर कदम के साथ हम सभी का डर भी समाप्त हो रहा था। जैसे ही हम लोगों ने भारतीय दूतावास के लोगों को देखा तो इतना यकीन हो गया कि हम भारत पहुंच गए। सभी ने भारत सरकार के प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त किया और छात्र ही नहीं परिवार और आस पास के लोग भी मोदी जी के प्रति सच्ची निष्ठा व्यक्त कर आभार जताया। वहीं छात्रों ने बताया कि सीमा पार करने के बाद बने सेन्टर में हम लोगों को सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी। मोदी सरकार ने हम सभी को नयी जिन्दगी दी है मोदी जी को जितना धन्यवाद दे कम है। इस मुलाकात के अवसर पर जिला उपाध्यक्ष किरन त्रिवेदी, मण्डल अध्यक्ष झूंसी दिलिप निषाद, मण्डल महामंत्री प्रभाकर द्विवेदी, वरिष्ठ समाजसेवी सजंय मिश्र बनकटा और जिला मिडिया प्रभारी बृजेश कुमार त्रिपाठी ने छात्रों से कुशलक्षेम जानते हुए उपस्थित रहे।

## घर में घुस कर मारा पीटा गया और तोड़-फोड की गई मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी घर में घुस कर महिला को मारे पीटे तथा जान से मारने की धमकी देते हुए तोड फोड किए। पुलिस ने पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छाता निवासी सुधाकर मिश्रा पुत्र बृजेश नारायण मिश्रा का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी एक राय होकर उसके घर में घुस कर उसकी माता विमला देवी को मारे पीटे और जान से मारने की धमकी देते हुए तोड फोड किए । सुधाकर मिश्रा ने मऊआइमा थाने में नीतू देवी ,सुशील कुमार, राकेश कुमार, पियूष मिश्रा ,राकेश की पत्नी नाम अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## दसवीं के छात्र को स्कूल के बाहर से अगवा कर पीटा

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में बिशप जॉनसन स्कूल के बाहर से 10वीं के छात्र को अगवा कर पीटने का मामला सामने आया है। मामले में छात्र की मां की ओर से क्लास में ही पढ़ने वाले छात्र पर एफआईआर दर्ज कराई गई। लेकिन पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है।धूमनगंज में रहने वाले छात्र के पिता सेना में हैं। मां ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि दो मार्च को उनका बेटा छुट्टी के बाद स्कूल से बाहर निकला। इसी दौरान उसकी ही क्लास में पढ़ने वाले एक छात्र ने बाहरी लड़कों को बुलाकर उसकी पहचान कराई। जिसके बाद बाहरी लड़के उसके बेटे को उठा ले गए और जमकर पीटा।इसके बाद उसे धमकाते हुए छोड़ दिया। बेटे ने घर पहुंचकर आपबीती सुनाई जिसके बाद मां ने पुलिस को तहरीर दी। सिविल लाइंस इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामला छात्रों के बीच आपसी मारपीट का है। दोनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लिया है और लिखकर दिया है कि वह कोई कार्रवाई नहीं चाहते।

## घर में घुस कर युवती से दुराचार की कोशिश आरोपी गिरफ्तार

**मऊआइमा।** घर में सोयी युवती के कमरे में घुस कर एक युवक दुराचार की कोशिश करने लगा। युवती के शोर मचाने पर परिजनों के जाग जाने पर युवक को दौडा कर पकड़ लिया गया।तथा पुलिस को सौंप दिया गया । युवती के पिता ने मुकदमा दर्ज करा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि उसकी पुत्री रात में अपने कमरे में सोयी हुए थी। आरोप है कि एक युवक घर पीछे लगे पेड की डाल के सहारे घर में घुस गया और मेरी सोयी हुई पुत्री को पकड़ कर उसके साथ दुराचार करने की कोशिश करने लगा। युवती के शोर मचाने पर जब वह भागने लगा तो उसे दौडा कर पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। नाम पूछने पर उसने अपना नाम बृजेश कुमार यादव बताया। युवती के पिता ने मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है।पुलिस आरोपी से पूछ ताछ कर रही है।

# महिलाओं के लिए छाया और अंतरा पूरी तरह से सेफः डा. संजय सिंह

**करियाकला और लोहगरा में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन**

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ के करियाकला और लोहगरा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर अंतरा और छाया विषयक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के तहत नवीन गर्भनिरोधक अंतरा और छाया का शुभारंभ डा. संजय सिंह की अध्यक्षता में किया गया।

डा. संजय सिंह ने बताया कि अंतरा एक प्रकार का गर्भ निरोधक इंजेक्शन है, जिसे तीन माह में एक बार लगवाने से अनचाहे गर्भ से बचा जा सकता है। इसी प्रकार छाया गर्भ निरोधक गोली है। गोली का इस्तेमाल करके अनचाही प्रेगनेंसी से बचा जा



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ करते

सकता है। संजय सिंह ने बताया कि गर्भधारण से बचने के लिए दोनों उपाय पूरी तरह से सुरक्षित हैं। इसका शरीर पर कोई भी साइड इफेक्ट नहीं पड़ता है। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन के लिए अंतरा और छाया का उपयोग लाभकारी सिद्ध होगा। महिलाएं अपनी सुविधा के अनुसार गर्भनिरोधक अंतरा और छाया में से किसी एक का चयन कर सकती हैं। एचडब्ल्यूसी करियाकला में गर्भनिरोधक अंतरा और छाया के शुभारंभ के पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ के डा. संजय सिंह की उपस्थिति में पांच महिलाओं को अंतरा का इंजेक्शन दिया गया। इस मौके पर बीपीएम अभिषेक मिश्र, सीएचओ सुधा, एनम सुषमा, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रही। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा. शैलेंद्र सिंह ने बताया कि करियाकला के साथ-साथ लोहगरा के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्लूसी) पर भी अंतरा और छाया का शुभारंभ किया गया है। गांवकी महिलाओं को छाया और अंतरा के उपयोग इसके लाभ केबारे में समझाया जा रहा है।

## करछना में भाजपा नेता के घर में चोरों ने किया हाथ साफ

**करछना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा भरहा में एक भाजपा नेता के घर में अज्ञात चोरों ने दीवार फांद कर अंदर घुस कर दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और मकान के अंदर रखा सामान इनवर्टर बैटरी गैस चूल्हा बर्तन आदि बड़ी संख्या में घर गिरस्ती की रखी हुई आवश्यक वस्तुएं चोर उठा ले गए सुबह जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन करके लौट गई बताया जाता है कि भाजपा नेता सुबोध सिंह जो इलाहाबाद में रहते हैं उनका एक मकान करछना थाना क्षेत्र के भरहा गांव में सड़क के किनारे बना हुआ है जिस पर कभी कभार रहा करते हैं शेष दिन चौकीदार के सहारे रहता है बीती रात चौकीदार जब सो गया अज्ञात चोरों ने मौके का फायदा उठाते हुए दीवार फांद कर अंदर गए और सारा सामान उठा ले गए पुलिस मामले में छानबीन करने में लगी हुई।

### खबर संक्षेप

## यौन उत्पीड़न के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**प्रयागराज।** बांदा जिले की 13 साल की बच्ची के यौन उत्पीड़न के मामले में हाईकोर्ट ने याची की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि वह इस मामले में अपनी शक्तियों का प्रयोग करने का इच्छुक नहीं है। उसने निचली अदालत को मामले का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्देश दिया है।याची शुभम उर्फ बच्चा पर यौन उत्पीड़न का आरोप है। उसके खिलाफ बांदा जिले के कोतवाली थाने में विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कोर्ट ने कहा कि पीड़िता ने जिस तरह का बयान दिया है वह याची के व्यवहार के प्रति बहुत ही घिनौना है। याची की जमानत खारिज की जाती है।

# जिलाधिकारी ने होली पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत की बैठक

### अवैध शराब की बिक्री किसी भी दशा में न हो तथा मिलावटी खाद्य पदार्थों पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित हो : डीएम

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने होली पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत संगम सभागार में बैठक की। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक को निर्देश दिया है कि होलिका दहन स्थल का निरीक्षण कर ले तथा जहां पर भी कोई समस्या आ रही है, उसका निस्तारण समय से करा लें तथा होलिका दहन स्थलों पर लेखपालों की ड्यूटी लगायी जाये। अपने-अपने क्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठक भी सुनिश्चित करा लें। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मार्गों पर जो भी तार जर्जर है, पोल तथा ट्रांसफार्मर खराब है, उन्हे तत्काल बदल दे। उन्होंने आबकारी विभाग को निर्देशित किया है कि संयुक्त टीम बनाकर छापेमारी आदि की कार्यवाही सुनिश्चित करें। कहीं पर भी अवैध शराब आदि की बिक्री नहीं होनी चाहिए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर में साफ-सफाई, छिड़काव तथा पानी आदि की व्यवस्था दुरूस्त करा ली जाये तथा नगर पंचायतों के अधिशाषी अधिकारी भी ये सुनिश्चित कर लें कि साफ-सफाई, पानी आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित रहे। उन्होंने अभिहित अधिकारी (फूड आफिसर) को निर्देशित किया है कि त्यौहारों के समय खाद्य पदार्थों पर विशेष निगरानी रखे, किसी भी दशा में मिलावटी खाद्य पदार्थ की बिक्री न होने पाये, मिलावटी खाद्य-पदार्थों की बिक्री करने वालो पर कड़ी कार्यवाही की जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, समस्त अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी सहित पुलिस के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

## पीएम व सीएम को अमर्यादित टिप्पणी पर प्राइमरी शिक्षक को नोटिस

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** विधानसभा चुनाव के दौरान सपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित करते परिषदीय विद्यालय के एक शिक्षक ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री पर अमर्यादित टिप्पणी कर दी। शिक्षक का यह वीडियो सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों पर वायरल होने लगा। इस बात की जानकारी होने पर बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने शिक्षक को नोटिस जारी कर दो दिन में जवाब मांगा है। जिले में विधानसभा चुनाव के दौरान शहर उत्तरी से सपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित सभा में विकास खंड बहरिया के बहरिया के कंपोजिट विद्यालय सरांय ख्वाजा में तैनात सहायक अध्यापक अजीत यादव ने भी संबोधित किया।

### आरोपी शिक्षक रह चुका है छात्रनेता

इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की। इसका वीडियो वायरल हुआ। मामला बीएसए के संज्ञान में आया। इस पर बीएसए ने शिक्षक को नोटिस जारी कर दो दिन में जवाब मांगा है।बीएसए का कहना है कि प्रदेश में आचार संहिता लागू होने के बाद किसी राजनैतिक दल का प्रचार, मंच से भाषण देना और संवैधानिक पदों पर आसीन लोगों के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करना कर्मचारी आचरण नियमावली के खिलाफ है। इस पर शिक्षक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जवाब न देने संबंधित शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि आरोपित शिक्षक पूर्व में इविवि छात्रसंघ के नेता रहे चुके हैं।

# सीएमपी डिग्री कालेज के वाहन स्टैंड संचालक संतोष सिंह पर हुआ जानलेवा हमला



घटनास्थल पर मिला जिंदा बम

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शहर में सीएमपी डिग्री कालेज के बाहर वाहन स्टैंड चलाने वाले संतोष सिंह पर शनिवार की दोपहर जानलेवा हमला हुआ। उनको लक्ष?य करते हुए बमबाजी और फायरिंग की गई। हालांकि इस हमले में वह बाल-बाल बच गए। बमबाजी और फायरिंग से लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पाकर जब जार्जटाउन थाने की पुलिस मौके पर पहुंची तो हमलावर भाग निकले थे। पुलिस मामले की छानबीन करने के साथ ही हमलावरों के बारे में पता लगा रही है।

### पुलिस हमलावरों की कर रही तलाश

वारदात की सूचना पर जार्जटाउन के थाना प्रभारी कृष्ण मोहन सिंह फोर्स के साथ वहां पहुंचे। हालांकि तब तक छात्र और उसके साथी वहां से फरार हो चुके थे। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। हमलावरों के बारे में पता लगाया जा रहा है। उन्?होंने बताया कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। स्टैंड संचालक द्वारा तहरीर दी जाएगी तो मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### बाइक खड़ी करने को लेकर छात्र से हुआ था विवाद

सीएमपी डिग्री कालेज के बाहर संतोष सिंह का वाहन स्टैंड है। शुक्रवार को दिन में एक छात्र से बाइक खड़ी करने को लेकर उनका विवाद हो गया था। उस समय तो छात्रों व अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया था। हालांकि उसके बाद छात्र ने उन्?हें देख लेने की धमकी दी और वहां से चला गया था। शनिवार की अपराह्न अपराहन करीब तीन बजे वही छात्र जिससे संतोष सिंह का विवाद हुआ था, डेढ़ दर्जन से अधिक साथियों के साथ वाहन स्टैंड पर पहुंचा। उस समय संतोष सिंह वहां मौजूद थे। छात्र और उसके साथियों ने स्टैंड पर ही बमबाजी शुरू कर दी। फायरिंग भी की गई। अचानक हमले से स्टैंड संचालक संतोष सिंह ने कालेज के भीतर भाग कर अपनी जान बचाई। बमबाजी और फायरिंग के कारण सड़क पर आवागमन कर रहे राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई।

## 10 हजार के लिए परेशान युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**प्रयागराज।** पति से अलग मां के साथ रहने वाली 22 वर्षीय सगुन ने शनिवार को फांसी लगाकर जान दे दी। सुसाइड नोट में उसने लिखा कि उसकी मौत के लिए किसी दूसरे को जिम्मेदार न ठहराया जाए। वह इसके लिए खुद जिम्मेदार है।कर्नलगंज पुलिस ने बताया कि फाफामऊ की रहने वाली सगुन की शादी फाफामऊ के अमन के साथ हुई थी। पिछले तीन महीने से सगुन अपनी मां के साथ शहर में रहती थी। उसकी मां रामवाटिका के पास एक मकान में किराए पर रहती है। वह एक निजी अस्पताल में काम करती है। शनिवार को सगुन घर में अकेली थी। उसकी मां काम पर गई थी। बहन भी नहीं थी। देर शाम जब उसकी बहन लौटी तो दरवाजा अंदर से बंद था। किसी तरह से दरवाजा खुला। अंदर सगुन फांसी पर लटकी मिली। सूचना पर पहुंची कर्नलगंज पुलिस ने छानबीन की। सगुन के पास से सुसाइड नोट मिला। पुलिस को उसके परिजनों ने बताया कि दो दिन से सगुन दस हजार रुपये मांग रही थी। रुपये क्यों मांग रही थी, यह परिजन भी नहीं बता सके। यह भी कहा कि उसके पति से भी कोई विवाद नहीं हुआ था।

# डॉ धर्मेंद्र यादव माघ मेला प्रभारी स्वास्थ्य निरीक्षक उत्कृष्ट कार्य पर हुए सम्मानित

अखंड भारत संदेश

### माघ मेला सकुशल संपन्न कराने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को सीएमओ ने किया सम्मानित



सीएमओ ने डाक्टर धर्मेंद्र यादव को किया सम्मानित

**प्रयागराज।** ज़िले के अंतरगत माघ मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी निरीक्षक के पद पर कार्यरत धर्मेंद्र कुमार यादव को माघ मेला 2021-22 प्रयागराज में अपर निदेशक प्रयागराज डॉ विमलेन्द्र शेखर एवं सीएमओ प्रयागराज डॉ नानक सरन के द्वारा धर्मेंद्र कुमार यादव को प्रभारी निरीक्षक के पद पर प्रथम स्थान से सम्मानित किया गया आपको बताते चलें धर्मेंद्र कुमार यादव अरैल माघ मेला क्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग में प्रभारी निरीक्षक के पद पर कार्यरत थे जिन्होने माघ मेले को और अरैल को स्वच्छ बनाने में दिन रात लगातार मेहनत की और किसी भी श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की दिक़्कत न आने पाए इस बात का विशेष ध्यान रखा साथ ही साथ स्वच्छता का विशेष तौर पर ध्यान दिया गया सभी टीमों को कहा और किस जगह लगाना है किस तरह से सफाई करानी है इस बात का विशेष ध्यान रखा गया इतना ही नहीं बल्कि धर्मेंद्र कुमार यादव ने खुद घाटों की सफाई की जिसकी श्रद्धालुओं और मेले में आए हैं कल्पवासीयो ने धर्मेंद्र कुमार यादव की खूब सराहना की और कल दिनांक 4 मार्च को धर्मेंद्र कुमार यादव को प्रथम स्थान से सम्मानित किया गया जिसमें कोविड-19 नोडल डॉ ऋषि सहाय माघ मेला सब चार्ज डॉ जय किशन सोनकर सैनिटेशन इनचार्ज डॉ आनंद सिंह एवं एसीएमओ डा सत्येंद्र राय आदि लोग मौजूद रहे।



विद्युत सब स्टेशन शंकरगढ़ में सम्मानित हुए लाइनमैन

# विद्युत सब स्टेशन शंकरगढ़ में सम्मानित किए गए लाइनमैन

**शंकरगढ़।** एमडी के निर्देश पर लाइनमैन को सम्मानित किए जाने का सिलसिला आज भी जारी रहा। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी ने कोरोना काल में अपनी जान की परवाह नहीं करने वाले लाइनमैन की सेवा भावना को देखते हुए लाइनमैन दिवस के तहत सभी को सम्मानित करने का निर्देश दिया था। इसी आदेश केक्रम में विद्युत सब स्टेशन शंकरगढ़ में विद्युत व्यवस्था सुचारू बनाए रखने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। अवर अभियंता पंकज कुमार मौर्य ने सभी के कार्यों की सराहना की और इसी तरह की सेवा भावना बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जगमोहन, तीरथ, मनोज कुमार, केशव सोनी,गोपाल, अरविंद, गोपाल, राकेश और छोटू आदि को माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

## मेजाखास बाजार की नालियां जाम, सड़कों पर बह रहा गंदा पानी

**मेजा रोड।** प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम में बज बजाती नालियां बाधक बन रही है। न तो ठीक से सफाई होती है और न ही गंदे पानी की निकासी संभव हो पा रही है। विकास खंड मेजा के मेजा खास बाजार में बीच सड़क नाली का गंदा पानी बह रहा है जिससे स्थानीय लोगों व राहगीरों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। दूषित पानी से संक्रमण का खतरा भी बना हुआ है। समूचे बाजार में जगह जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है और नाली जाम पड़ी है। बाजार वासियों की माने तो साफ सफाई की व्यवस्था के लिए सफाई कर्मी नियुक्त किया गया है, लेकिन सफाई कर्मी अधिकांश समय नदारद रहता है। नालियों का दूषित पानी दुकानों की बाहर एकत्रित होने से व्यापारियों का व्यापार चौपट हो रहा है। गंदगी के चलते ग्राहक उनकी दुकानों तक नहीं पहुंच पा रहे जिससे उनकी दुकानदारी चौपट हो रही है। सड़क पर चलने वाले वाहनों के छीटें से राहगीरों व दुकानदारों को दो चार होना पड़ रहा है,लिहाजा उनमें आक्रोश व्याप्त है।व्यापारियों ने विकास अधिकारी मेजा से सफाई कर्मी द्वारा नाली साफ कराए जाने की मांग की है।

# किसानों को नहीं हो रहा भुगतान डीएम से की गई शिकायत

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** जिला प्रशासन के तमाम प्रयासों के बाद भी धान खरीद केंद्रों की स्थिति में कोई सुधार नहीं हो सका। किसानों का आरोप है कि धान की खरीद होने के बाद अब उन्हे भुगतान के लिए लगातार दौड़ाया जा रहा है। इस मामले की शिकायत संबंधित एजेंसी के अलावा जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी से की गई है।

विकास खंड शंकरगढ़ के किसानों की तरफ से किसान कुलदीप पाठक ने जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी को प्रार्थनापत्र देकर अवगत कराया है कि तकरीबन दो दर्जन क्षेत्र के किसान पिछले कई दिनों से भुगतान के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। भुगतान नहीं होने से किसानों को अपने अगले खर्चे के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बराडीह, देवरा के रहने वाले कुलदीप पाठक ने बताया है कि धान क्रय केंद्र साधन सहकारी समिति अकौरिया (सोनपुरा) में लगभग 20 किसानों ने तीन फरवरी को पूर्व धान बेचा था, लेकिन अभी तक उनका भुगतान नहीं हो पाया है। आरोप लगाया कि धान बिक्री की अभी तक फीडिंग नहीं हो पाई है, इस वजह से किसानों का अंगूठा नहीं लग पा रहा है और इसी वजह से भुगतान लटका हुआ है। इस मामले को लेकर पहले भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन इस व्यवस्था में अभी तक कोई सुधार नहीं हो सका। कुलदीप पाठक ने उपजिलाधिकारी बारा और जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अविलंब धान का भुगतान कराने की मांग की है।

## कंधरपुर गांव में आवारा सांड का आतंक

**प्रतापपुर।** रवि की खड़ी फसल को चौपट कर रहे आवारा पशुओं से एक तरफ किसान परेशान तो वही दूसरी तरफ कंधरपुर गाँव मे एक आवारा सांड के आतंक से पूरा गाँव परेशान है। प्रतापपुर विकास खण्ड के भोगवारा ग्रामसभा के कंधरपुर मजरे में इनदिनों एक आवारा सांड का आतंक देखने को मिल रहा है।गत दिवस गाँव के एक 60 वर्षीय व्यक्ति पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया इसके अलावा कई अन्य ग्रामीणों पर हमला कर चुका है।ग्रामीणों ने बताया सांड के डर की वजह से महिलाओं व बच्चो ने घरों से बाहर निकलना बंद कर दिया है सांड कब किसपे हमला कर दे कोई भरोसा नही।गॉव के सपा नेता दीपक यादव ने इसकी शिकायत भी उच्च अधिकारियो तक किया मगर अब तक आवारा सांड को गाँव से हटाने का कोई प्रबंध नही किया गया। जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।गाँव के श्रीकांत शुक्ला, सूर्या यादव, गबोदर मिश्रा, राम आधार यादव, संजय शुक्ला, चन्द्रकांत शुक्ला, अखिलेश शुक्ला, आकाश मिश्रा,धीरज शुक्ला, राहुल यादव, आलोक यादव, ननकू यादव सहित ग्रामीणों ने आवारा सांड को गाँव हटाने की माँग की है।

## जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन आज

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** क्षेत्र के गोश्वरा कला गांव में दुर्गावती एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट प्रयागराज के तत्वाधान में दुर्गावती ग्रुप विद्यालय के दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज चंपारन स्थित विद्यालय में दिनांक 6 ,3 ,2022 को सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होगी।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के क्रम में प्रोफेसर गिरीश चंद्र त्रिपाठी (राज्य मंत्री) अध्यक्ष उन्नयन शिक्षा अनुसंधान परिषद उत्तर प्रदेश होगे। कार्यक्रम की आयोजक एवं दुर्गावती ग्रुप की प्रबन्धक डॉ ० श्रीमती स्वतंत्र मिश्रा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक वर्ष आपके शहर के विद्यालयों में कराता रहा है।इस वर्ष प्रतिष्ठित जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन आयोजन ग्रामीण क्षेत्र में किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के लगभग 500 छात्रों को प्रतिभाग कराया जा रहा है। सभी छात्र क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के होनहार छात्र प्रतिभाग में शामिल हो रहे हैं। उक्त प्रतियोगिता में सामान्य ज्ञान की लिखित परीक्षा एवं कला प्रतियोगिता व हस्त प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, चित्रकला आदि प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रथम पुरस्कार द्वितीय पुरस्कार तथा तृतीय पुरस्कार प्रत्येक क्षेत्र में दिया जाएगा। तथा 50 छात्रों को फ्यूचर स्मार्ट छात्र पुरस्कार एवं 100 छात्रों को सांत्वना पुरस्कार तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र के साथ मेडल भी दिया जाएगा। दुर्गावती ग्रुप के चेयरमैन सुशील मिश्रा ने क्षेत्र के सभी गणमान्य सम्मानित स्वजनों को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया है।

## चंद्रशेखर आजाद पार्क में फ्लावर शो प्रदर्शनी में सेल्फी की मची धूम

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** आप भी फूल, पौधों के प्रेमी हैं तीन दिनों तक प्रयागराज आने वाले हैं तो चंद्रशेखर आजाद पार्क जरूर पहुंचें। यहां फ्लावर शो में फूलों की किस्में आपको लुभाएगी। पिकनिक के तौर भी यहां पहुंच सकते हैं। इस आयोजन के साथ ही आजाद पार्क में आज, कल और परसों खाने-पीने के स?टाल लगे रहेंगे और बच?चों के मनोरंजन के भी साधन होंगे। सुबह आठ बजे से रात नौ बजे तक लोग प्रदर्शनी देख सकेंगे।

**पुष्प प्रदर्शनी 27 वर्गों में विभाजित :** राजकीय उद्यान अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में तीन दिवसीय मंडलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी शनिवार से शुरू हो गई है। गमलों में लगे गेंदा, गुलाब व अन्य किस्मों के फूल आकर्षक का केंद्र बने हुए हैं। 27 वर्गों में पुष्प प्रदर्शनी को विभाजित किया गया है। टापेरी को आकर्षक फूलों से सजाकर अलग-अलग स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। प्रदर्शनी में जगह-जगह आरएएफ की ओर से उनका ध्वज लगाया गया है। अयोध्या से आए स्पेशल बैंड की ओर से देश भक्ति गीतों के धुनों को बजाकर प्रदर्शनी की शुरूआत की गई।गेंदा, गुलाब व अन्य किस्म के फूलों वाले 10 हजार गमले आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले का भी इंतजाम किया गया है। चाट, फुल्की सहित अन्य खाद्य पदार्थों की दुकानों पर बच्चों और महिलाओं की भीड़ जुटी है। देश भक्ति गीतों के बीच इस प्रदर्शनी का उद्घाटन मंडलायुक्त संजय गोयल दोपहर तीन बजे करेंगे। कोलकाता और वाराणसी से 10 कुंतल, गेंदा, गुलाब और गुलदाउदी के फूलों को सजाने के लिए मंगवाया गया है।



**उद्यान अधीक्षक ने कहा सेल्फी प्वाइंट भी :** उद्यान अधीक्षक उमेश चंद्र उत्तम ने बताया कि प्रदर्शनी स्थल में लगने वाले स्टेचू, आकृतियों एवं चित्रकला प्रतियोगिता के लिए स्थलों का निर्धारण किया जा चुका है। उन्?होंने बताया कि आकर्षक सेल्फी प्वाइंट भी आकर्षण का केंद्र रहेगा।

# ऑनलाइन परीक्षाओं के लिए बढ़ा दबाव पांच हजार से अधिक आए आवेदन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** ऑनलाइन परीक्षा के पक्ष में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की ओर से आवेदन किए जाने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन पर ऑनलाइन मोड में परीक्षाएं कराए जाने का दबाव बढ़ता जा रहा है। हजारों विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर ऑफिस और संघटक महाविद्यालयों के कार्यालय में फॉर्म जमा किए हैं। वहीं, ईमेल पर भी आवेदन आ रहे हैं।इविवि प्रशासन की ओर से सूचना जारी की गई थी कि विश्वविद्यालय एवं संघटक महाविद्यालयों के जो छात्र ऑनलाइन परीक्षाओं के पक्ष में वे कारण सहित अपने आवेदन विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर कार्यालय और अपने महाविद्यालयों में जमा कर सकते हैं।इविवि के चीफ प्रॉक्टर ऑफिस में



शनिवार को 560 फॉर्म जमा हुए। वहीं, एक दिन पहले यानी शुक्रवार को चीफ प्रॉक्टर ऑफिस में फॉर्म जमा करने वालों की भीड़ दस गुना अधिक थी और छात्र ने दावा भी किया था कि शुक्रवार को ऑनलाइन परीक्षाओं के पक्ष में पांच हजार से अधिक आवेदन जमा हुए।इसके अतिरिक्त संघटक महाविद्यालयों में भी लगातार दूसरे दिन ऑनलाइन परीक्षाओं के पक्ष में ऑनलाइन फॉर्म जमा करने वालों की भीड़ लगी रही। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी फैमिली के संस्थापक अंकित द्विवेदी का कहना है कि ऑनलाइन परीक्षाओं के पक्ष में आवेदन करने वाले छात्र सोशल मीडिया पर भी लगातार सक्रिय है और एक अनुमान के अनुसार अब तक आधे से अधिक छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन परीक्षाओं के लिए फॉर्म भरे हैं। सोमवार को विश्वविद्यालय खुलने पर बाकी छात्र-छात्राएं भी आवेदन जमा करेंगे। वहीं, इविवि प्रशासन को बड़ी संख्या में ईमेल के माध्यम से भी ऑनलाइन परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रेषित किए गए हैं। छात्र नेताओं का दावा है कि बहुमत ऑनलाइन परीक्षाओं के पक्ष में है और ऐसे में विश्वविद्यालय प्रशासन को अब छात्र-छात्राओं के हित में ऑनलाइन परीक्षाओं के पक्ष में निर्णय ले लेना चाहिए। फिलहाल आवेदन 10 मार्च तक लिए जाएंगे और इसके बाद उच्च स्तरीय कमेटी को प्रेषित किए जाएंगे। कमेटी अपनी रिपोर्ट कुलपति को सौंपेगी और इसके बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

# मतगणना की तैयारी में जुटे अधिकारी व कर्मचारी

## आरओ, एआरओ की सीडीओ ने ली बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव की मतगणना 10 मार्च को होगी। इसके लिये महुली मण्डी में मतगणना की व्यापक व्यवस्था करने में अधिकारी जुटे हुए हैं। जिले के सातों विधान सभा की मतगणना के लिये अलग-अलग स्थान तय किये गये हैं, जहां आरओ, एआरओ, मतगणना एजेंटों, प्रत्याशियों के बैठने का स्थान तय किया जा रहा है।

जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल लगातार मतगणना स्थल की व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं। इधर मतगणना में लगने वाले कर्मचारियों का आज से प्रशिक्षण शुरू हो गया है। संत अंथोनी स्कूल में मतगणना कर्मियों का प्रथम प्रशिक्षण आज सम्पन्न हुआ। इसके पहले सीडीओ ईशा प्रिया ने दस मार्च को होने वाली मतगणना सकुशल कराने के लिये विकास भवन में सातों विधान सभाओं के आरओ व एआरओ की बैठक किया जिसमें मुख्य विकास अधिकारी ईशा



कर्मचारियों को मतगणना का प्रशिक्षण देते अधिकारी।

प्रिया ने विस्तारपूर्वक सभी आरओ एवं एआरओ को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज मतगणना कर्मियों को पहला प्रशिक्षण संत अंथोनी में दिया गया। नौ मार्च को संत अंथोनी में दूसरा प्रशिक्षण दस बजे से एक बजे तक दिया जाएगा। बैठक में जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, प्राचार्य अफीम कोठी शिव प्रकाश सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे। उधर जिलाधिकारी ने सभी प्रत्याशियों से कहा है कि सुरक्षा प्राप्त किसी व्यक्ति को अपना एजेंट न बनाएं और मतगणना में सहयोग करें।

## ज्ञापन सौंप कर सांसद के बयान को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बनारस की एक चुनावी सभा में भाजपा सांसद तथा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री विनोद सोनकर द्वारा सवर्ण समाज के लोगों को अपशब्द कहे जाने तथा उन्हें नीचा दिखाने के मामले में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद ने नाराजगी जताई है जिला अध्यक्ष विंदेश्वरी प्रसाद उर्फ बिंदु पाठक ने उप जिलाधिकारी पट्टी को ज्ञापन देकर अधिवक्ता साथियों के साथ रोष प्रकट किया और कहा कि अगर सांसद ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा प्रेस कांफ्रेंस करके इस मामले में माफी नहीं मांगी तो ब्राह्मण समाज तथा सवर्ण समाज इसके विरोध में व्यापक रूप से आंदोलन करेगा इस अवसर पर प्रदीप पांडे विपिन सिंह लोकपति त्रिपाठी अनुराग सिंह विकास तिवारी आदित्य तिवारी संदीप ओझा अभिषेक शुक्ला रणविजय सिंह प्रमोद सिंह अनिल सिंह अमित चैरसिया आदि लोग मौजूद रहे।

# दीपिका एवं ओजस्वी के सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफल होने पर प्रसन्नता

## मंगापुर के बृजलाल सिटी मांटेसरी स्कूल की महान उपलब्धि

अखंड भारत संदेश

**सांगीपुर, प्रतापगढ़।** जनपद के ब्लॉक सांगीपुर के गांव मंगापुर में संचालित बृजलाल सिटी मांटेसरी स्कूल की दो छात्राओं क्रमशः दीपिका तिवारी पुत्री हरिश्चंद्र तिवारी एवं ओजस्वी उपाध्याय पुत्री ललित कुमार उपाध्याय के सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफलता मिलने पर स्कूल के अध्यापकों, अभिभावकों एवं बच्चों में प्रसन्नता की लहर है।

सफल छात्राओं से बात करने पर उनके उत्साह की कोई सीमा नहीं रही। मुक्तकंठ स्वर से उन्होंने इस सफलता का श्रेय माता पिता, पूर्वजों एवं स्कूल के प्रधानाचार्य ललित कुमार उपाध्याय सहित सौरभ, संतोष, रवि, शिव मूर्ति, सुरेश, अनिल, विकास, अरुण आदि अध्यापकों को देते हुए उनके



अपनी सहेलियों के साथ दीपिका व ओजस्वी।

प्रति आदर व सम्मान भी किया है। यह सफलता स्कूल के लिए एक महान उपलब्धि मानी जा रही है। स्कूल की प्रगति एवं छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता परशुराम उपाध्याय सुमन ने छात्राओं एवं अध्यापकों को हार्दिक बधाई दी है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में स्वस्थ रहने का बताया गया गुर

**पट्टी, प्रतापगढ़।** स्नातकोत्तर महाविद्यालय पट्टी में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर में पांचवे दिन शनिवार को अभिमुखीकरण कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आनंद त्रिपाठी ने कहा कि आज की तकनीक दुनिया में हमें अपने स्वास्थ्य को संभाल कर रखने की आवश्यकता है हमारा स्वास्थ्य ठीक रहेगा तभी हम बेहतर शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं उन्होंने यह भी कहा कि जिस प्रकार से हृदय रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है ऐसे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है और प्रकृति से तालमेल और संबंध बनाकर आगे बढ़ने की जरूरत है यह कार्य युवा पीढ़ी अपने कार्य शैली और व्यवहार में परिवर्तन करके कर सकती हैं। कार्यक्रम में डॉक्टर आरबी अग्रहरि मिथिलेश त्रिपाठी ,डॉक्टर राकेश पांडे, बृजेश पांडे ने भी अपने विचार प्रकट किया कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सुनील विश्वकर्मा ने किया अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापन डॉ वीरेंद्र कुमार मिश्र ने किया।

# ताबड़तोड़ दबिश देकर पुलिस ने पिस्टल व ई-रिक्शा समेत बदमाश को दबोचा

## पिस्टल की नोक पर ई-रिक्शा लूट को दिया था अंजाम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शुक्रवार की रात पिस्टल की नोक पर हुई लूट की घटना को पुलिस ने ताबड़तोड़ दबिश देकर घटना के कुछ ही घंटो बाद ई-रिक्शा समेत बदमाश को पकड़ने में कामयाबी हासिल की। त्वरित कार्यवाई को लेकर एसपी ने मातहतों की सराहना की।

लालगंज कोतवाली क्षेत्र के अजगरा बाजार स्थित डीके ढाबा से बीती चार मार्च की रात पिस्टल की नोक पर एक बदमाश ने ई-रिक्शा लूट की घटना को अंजाम दिया था। घटना के बाद ई-रिक्शा मालिक कोतवाली नगर के बहलोलपुर निवासी अंजनी वर्मा पुत्र राकेश कुमार वर्मा ने लालगंज कोतवाली में घटना के बावत लिखित तहरीर दी थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ लूट का केस दर्ज कर लिया। इसके बाद थानाध्यक्ष कमलेश पाल, लीलापुर चैकी इंचार्ज निकेत भारद्वाज व उपनिरीक्षक सुनील कुमार भारी फोर्स के साथ



लालगंज पुलिस की गिरफ्त में अभियुक्त।

घटना स्थल पहुंचे। पुलिस ने घटना को लेकर कई जगह दबिश दी लेकिन कोई कामयाबी नही मिली। मुखबिर की सूचना पर जानकारी मिली कि नेशनल हाई-वे के लखपेड़वा बाग के पास एक ई-रिक्शा दिखाई दिया। पुलिस जब वहां पहुँची तो बदमाश भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने बदमाश को दौड़ाकर धर दबोच लिया। पकड़े गए बदमाश के पास से पिस्टल के साथ दो जिंदा कारतूस व लूट का ई-रिक्शा बरामद कर किया।

## आरोपियों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों द्वारा मारपीट के मामले में आरोपियों पर हत्या मारपीट एससी एसटी का मामला दर्ज किया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बहुता गांव की रहने वाली उर्मिला पत्नी विद्या प्रसाद सरोज को रंजिश में आरोपीगण मनोज, राहुल, विमल शर्मा धीरज, शर्मा, शिव प्रकाश, सुरेश कुमार, सोनू, जयप्रकाश ,शैलेंद्र, रामचरण ,धीरज, निखिल, दीपक, महेंद्र, कौशल्या, राज कुमारी मालती एक राय होकर घर पर आकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज करने लगे तथा हाथ में कुल्हाड़ी से वार करते हुए घर में घुस गए। बीच बचाव करने आई शीला सरोज, नितिन सरोज, शिव कुमार सरोज को भी मारा पीटा। पीड़िता उर्मिला हमले से बेहोश हो गई। इस मामले में पीड़ित महिला की तरफ से तहरीर पड़ी तो पुलिस ने सभी आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

# अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर कराएं : जिला जज

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय शंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण कराये जाने हेतु बैठक की गयी।

बैठक में जनपद न्यायाधीश ने कहा कि 12 मार्च 2022 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में समझौते योग्य आपराधिक मामले, धारा-138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, वसूली मोटर दुर्घटना मामले, वैवाहिक मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले, विद्युत एवं जल बिल (अश्मनीय वादों को छोड़कर) सिविल वाद एवं राजस्व वाद आदि निस्तारण योग्य मामलों का निस्तारण किया जायेगा। जिला जज ने न्यायिक अधिकारियों से कहा कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर करायें जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। बैठक का संयोजन सिविल जज सी0डि0/सचिव नीरज कुमार त्रिपाठी ने किया।

इस अवसर पर समस्त न्यायिक मजिस्टेज्ट सी0डि0 व जू0डि0 उपस्थित रहे। इसी प्रकार पीठासीन अधिकारी एम0ए0सी0टी0 रोहित सिन्हा के द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में प्री ट्रायल बैठक की गयी। बैठक में पीठासीन अधिकारी ने आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों को पक्षकारों की सहमति व सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक मुकदमों का निपटारा कराने में सहयोग की बात कही। बैठक का संयोजन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया। बैठक में एम0ए0सी0टी0 वादों से सम्बन्धित विद्वान अधिवक्तागण भी उपस्थित रहे।

## सामान्य प्रेक्षकों हेतु जनपद में अतिथि गृह आवंटित

**प्रतापगढ़।** जिला मजिस्टेज्ट/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 नितिन बंसल ने सामान्य प्रेक्षकों हेतु जनपद में अतिथि गृह आवंटित कर दिया है और लायजन आफिसर सहित अन्य स्टाफ की तैनाती कर दी है। उन्होने बताया है कि विधानसभा रामपुरखास के सामान्य प्रेक्षक के0 राजेश हेतु जिला पंचायत का अतिथि गृह, विधानसभा बाबागंज के सामान्य प्रेक्षक श्रीकान्त शास्त्री हेतु लोक निर्माण विभाग (प्रान्तीय खण्ड) प्रतापगढ़ का अतिथि गृह, विधानसभा कुण्डा के सामान्य प्रेक्षक एलेक्स वी0एफ0 पॉल मेनन हेतु जिला पंचायत अतिथि गृह, विधानसभा विश्वनाथगंज के सामान्य प्रेक्षक एस0 सरवनन हेतु लोक निर्माण विभाग (प्रान्तीय खण्ड) प्रतापगढ़ का अतिथि गृह, विधानसभा प्रतापगढ़ के सामान्य प्रेक्षक रमन एस0ए0 हेतु लोक निर्माण विभाग (प्रान्तीय खण्ड) प्रतापगढ़ का अतिथि गृह, विधानसभा पट्टी के सामान्य प्रेक्षक रूगवेद मिलिन्द ठाकुर हेतु वन विभाग चिलबिला का अतिथि गृह व विधानसभा रानीगंज के सामान्य प्रेक्षक दीपेन्द्र सिंह कुशवाह हेतु जिला पंचायत का अतिथि गृह आरक्षित किया गया है।

# धीरेंद्र की बैटिंग से सेमीफाइनल में पहुंची प्रतापगढ़ क्रिकेट टीम

## कप्तान धीरेंद्र बने मैन ऑफ दी मैच

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** लखनऊ चारबाग रेलवे स्टेडियम में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में प्रतापगढ़ एकादश नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन की टीम ने लखनऊ परिचालन की टीम को क्वार्टर फाइनल में हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली।



सेमीफाइनल में पहुंची प्रतापगढ़ क्रिकेट टीम।

बता दें कि मेंस यूनियन की अगुवाई में लखनऊ स्टेडियम में क्रिकेट लीग मैच चल रहा है। जिसमें 16 टीमों ने भाग लिया है। जिसमें प्रतापगढ़ नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन ने भी भाग लिया है। शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में उसका मुकाबला परिचालन विभाग लखनऊ ब्रांच से हुआ। बैटिंग करते हुये परिचालन टीम ने निर्धारित दस ओवर में 91 रन बनाया। लक्ष्य का पीछा करने मैदान में उतरी एकादश प्रतापगढ़ की टीम ने कप्तान धीरेंद्र कुमार की धुंवाधार बैटिंग की बदौलत परिचालन टीम को तीन विकेट से हराया। धीरेंद्र ने बेहतरीन पारी खेली। उन्होंने अपनी टीम के लिए 19 रन जुटाए और दो विकेट झटके। दो गेंद बची थी। उन्हें मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया।टीम के मैनजर ब्रांच के सेक्रेटरी अनिल शुक्ला ने बताया कि शनिवार को प्रतापगढ़ एकादश सेमीफाइनल खेलेगी। उसकी भिड़ंत वाली टीम का मैच अभी चल रहा है। जो जीतेगी उसी से होगा। उन्होंने बताया कि टीम के जीतने से खिलाड़ियों और रेल कर्मचारियों में उत्साह है। प्रतापगढ़ स्टेशन पर ट्रेन मैनेजर मोहम्मद अनीश और डीके शर्मा ने जीत पर हर्ष जताया। मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया।

## गेहूं के खेत में संदिग्ध परिस्थिति में मिला युवक का शव

**घर में मचा हड़कंप, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शनिवार की सुबह पट्टी कोतवाली क्षेत्र के भरोखन नहर के समीप एक गेहूं के खेत में एक युवक की लाश दिखाई पड़ी। लाश देखते ही सैकड़ों ग्रामीण वहां इकट्ठा हो गए। एम परिवहन ऐप के माध्यम से गाड़ी का नंबर डालकर युवक की शिनाख्त कंसापट्टी गांव के मनोज के रूप में की गई।पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कंसापट्टी गांव के राम लखन वर्मा के तीन बेटों में दूसरे नंबर मनोज पटेल (25) पट्टी नगर तथा आसपास के क्षेत्रों में टाइल लगाने का काम करता था। परिजनों की मानें तो शुक्रवार को सुनील नामक एक व्यक्ति से मुलाकात करके उससे पैसा लिया और वह ससुराल जाने की भी बात कर रहा था, लेकिन वह नहर के किनारे खेत में कैसे पहुंचा? इस पर कहना मुश्किल है। लोगों का कहना है कि मनोज शराब पीने का आदी था। सूचना पर घटनास्थल पर परिजन तथा पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बता दें कि मृतक मनोज की शादी दो साल पहले बारे गांव में हुई थी। मनोज के आकस्मिक मौत से पत्नी का सिंदूर छिन गया और वह बेसहारा हो गई तो वहीं दो साल के मासूम बेटी के सर से पिता का साया उठ गया।

# होली नजदीक आते ही आलू व खाद्य तेलों के दाम बढे.

## आलू में पांच रुपये व खाद्य तेलों में 15 रुपये बढे.दाम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** होली का त्योहार नजदीक होने से आलू और खाद्य तेलों के दाम बढ़ने लगे हैं। 12 रुपये प्रति किलो बिकने वाला सफेद आलू 17 से 18 रुपये में बिक रहा है और 15 रुपये प्रति बिकने वाली आलू 20 प्रति में हो गई है। मध्यम वर्ग के घरों में होली पर पापड़ व चिप्स बनते हैं। इसके अलावा दैनिक जीवन में भी आलू का उपयोग सबसे ज्यादा होता है। ऐसे में आलू के दाम बढ़ने से लोग चिन्तित हैं।

बताया जाता है कि बेमौसमी वर्षा से आलू की फसल इस बार कम हुई है। जबकि मांग पहले जैसी है। इससे आलू के दाम बढ़



नगर में सजी सब्जी की दुकान।

रहे हैं। होली पर सोयाबीन का तेल का भी उपयोग सबसे ज्यादा होता है लेकिन अभी ही 15 रुपये प्रति लीटर दाम बढ़ गये हैं। अनुमान है कि होली के दिन में इनके दामों में और बढ़ोत्तरी होगी। दुकानदार भी खाद्य तेलों को डम्प करने में लगे हैं। उन्हें आशा है कि दाम बढ़ने से उन्हें ज्यादा फायदा होगा। लोगों का कहना है कि होली पर खाद्य तेलों की डिमाण्ड बढ़ेगी इसीलिये खाद्य तेलों को डम्प किया जा रहा है। जानकार लोगों का कहना है कि रुस और यूक्रेन का असर भी महंगाई पर पड़ सकता है। लोगों का मानना है कि इस युद्ध से पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ेंगे जिससे महंगाई पर भी व्यापक असर पडेगा। कुछ माह पहले तक कोरोना महामारी झेल रहे लोगों पर अब महंगाई का डर सता रहा है। ज्यादातर लोग कोरोना के बाद अपना कारोबार फिर शुरू कर पाए थे लेकिन महंगाई का असर उन्हें परेशानी में डाल सकता है।

# भगवान की कथा में अमृतकथा के रसपान का है पुण्यः अनूप देव जी महराज

## महेवा मलकिया में हो रही भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** महेशगंज के महेवा मलकिया में हो रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के दूसरे दिन शनिवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी दिखी। कथा व्यास अनूप देव जी महाराज ने भागवत कथा महात्म पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कलिकाल में यह कथा अमृतकथा के श्रवण का पुण्य है।

उन्होंने कहा कि भगवान के प्रति सच्चेमन से श्रद्धा रखने वाले श्रद्धालु के सभी अभीष्ट व जीवनपथ की सफलता स्वयं पूर्ण हुआ करती है। उन्होंने कहा कि माधवबिहारी भगवान कृष्ण ने सदैव नीति के पथ का मार्ग प्रशस्त करते हुए अनीति व अत्याचार का संहार करने के लोकावतार की प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण के समस्त लोकावतार धर्म की रक्षा करते हुए प्राणी को सत्य के मार्ग के अनुश्रवण की प्रेरणा भी दिया करता है। अनूप देव जी महराज ने कहा कि भगवान के प्रति समर्पण ही जीवन के ध्येय की सफलता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को बताया कि निर्मल मन से प्रभु के प्रति अनुराग ही समस्त लोकमंगल की प्राप्ति का सुगम मार्ग है। उन्होंने कहा कि भगवान की कथा सुनने से मनुष्य के जीवन में समस्त पुण्य स्वतः देदीप्यमान हो जाया करते हैं। कथा के संयोजक एवं बाबागंज प्रधानसंघ के पूर्व अध्यक्ष पं. जर्नादन प्रसाद त्रिपाठी व समाजसेविका शकुन्तला ने कथा व्यास अनूप देव जी महराज का श्रीअभिषेक किया। सहसंयोजक आलोक त्रिपाठी, अरविन्द त्रिपाठी पंकज, आनन्द त्रिपाठी ने कथा में शामिल श्रद्धालुओं को तिलक लगाकर सम्मानित किया। कथा के दौरान हरे कृष्ण हरे राधे के मनमोहक गीत संगीत का संयोजन विद्योत्मा त्रिपाठी, पूजा त्रिपाठी, कुसुम त्रिपाठी, सुषमा शुक्ला, किरन शुक्ला, गीता त्रिपाठी, अनीता शुक्ला, श्रुति, समृद्धि, आर्या करती दिखी। इस मौके पर आनन्द प्रकाश शुक्ला, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, धीरज शुक्ला, कृष्णचन्द्र त्रिपाठी, चन्द्रमौलि त्रिपाठी, आयूष त्रिपाठी, ऋषभ शुक्ला, पीयूष त्रिपाठी आदि रहे।

## आनलाइन सत्यापन के लिये 06 मार्च तक छात्रवृत्ति पोर्टल खोला गया

**प्रतापगढ़।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सच्चिदानन्द तिवारी ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में राज्य पोषित छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत दशमोत्तर कक्षाओं के छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत निर्गत तृतीय चरण की समय-सारिणी के अनुसार विश्वविद्यालय/एफीलियेटिंग एजेन्सियों के लिये अनुमन्य सीटों के सापेक्ष विश्वविद्यालय/शिक्षण संस्थाओं द्वारा अग्रसारित छात्रों के आवेदनों का आनलाइन सत्यापन करने हेतु 06 मार्च तक छात्रवृत्ति पोर्टल खोल दिया गया है। उन्होने विश्वविद्यालय/एफीलियेटिंग एजेन्सियों/शिक्षण संस्थाओं से कहा है कि पात्र छात्र/छात्राओं को पाठ्यक्रमवार/वर्षवार सत्यापन का आनलाइन अग्रसारण की समय सीमा 06 मार्च तक कार्यवाही पूर्ण करें।

# युवा ही सामाजिक तथा राष्ट्रीय परिवेश को दे सकते हैं मजबूती : प्रो. ओझा

## एसवीएम महाविद्यालय के एनएसएस विशेष शिविर का हुआ समारोह पूर्वक समापन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के सरस्वती विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समारोह पूर्वक समापन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि सीओ रामसूरत सोनकर व पूर्व मंत्री प्रो. शिवाकान्त ओझा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारम्भ किया। शिविरार्थी छात्रा सोनम तिवारी, प्राची जायसवाल, सोनम पाण्डेय ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। वहीं छात्रा सेजल सोनी, शिवानी पाल, निधि शर्मा, मधु सोनी, शिखा दुबे, सृष्टि शुक्ला, रीता मौर्य, पूजा यादव ने भी राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिविरार्थी छात्रा प्रिया मिश्रा के मां को समर्पित गीत पर समारोह में मौजूद लोगों की आंखें नम हो उठी दिखी। बतौर मुख्य अतिथि सीओ रामसूरत सोनकर ने कहा कि युवा ही राष्ट्रीय एवं सामाजिक क्षेत्र में समरसता तथा प्रगति का इतिहास रचने में समर्थ हैं। विशिष्ट अतिथि ईओ सुभाषचन्द्र सिंह, रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा थानाध्यक्ष कमलेश पाल ने भी युवाओं के शैक्षिक एवं सामाजिक मिशन पर बिन्दुवार प्रकाश डाला। समारोह की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्रबन्धक एवं पूर्व मंत्री प्रो. शिवाकान्त ओझा ने कहा कि सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ने में आज का युवा ही सक्षम हैं। प्रो. ओझा ने महात्मागांधी की प्रासंगिकता को दुनिया के लिए सर्वाधिक उपयोगी भी करार दिया। उन्होंने छात्रों से भविष्य निर्माण के लिए अपनी प्रतिभा के निखार में रचनात्मक स्पर्धा को पारदर्शिता के साथ विकसित करने का आह्वान किया। प्रारम्भ में प्राचार्य डॉ. अमित सिंह ने एनएसएस शिविर की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। संचालन वरिष्ठ प्रो. एवं कार्यक्रमाधिकारी डॉ. अम्बिकेश त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र बहादुर सिंह ने समारोह का संयोजन एवं कार्यक्रमाधिकारी डॉ. बीना सिंह ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर उमेश पाल मिश्र, डॉ. पवन दुबे, सुरभि सिंह, रूबिता सिंह, राजेश सिंह, डॉ. आशुतोष शुक्ल, डॉ. ओ.पी. द्विवेदी, संगीता पाल, सीमा सिंह आदि रहे।

## खबर संक्षेप

### एसपी ने किया नवनिर्मित कार्यालय का निरीक्षण

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने पुलिस कार्यालय में स्थित नवनिर्मित भवन का निरीक्षण कर वहां की जानकारी ली तथा उपस्थित लोगो से बात की एंव नव निर्मित भवन की स्थिति को जाना व संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।

### मोटर साइकिल अवैध तमंचा के साथ दो गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत थाना पिपरी पुलिस द्वारा रात्रिगस्त वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर रेलवे पुल कटहुला गौसपुर के पास से चोरी की मोटर साइकिल के साथ दो अभियुक्तों सैदान उर्फ मक्खू पुत्र हमीद हुसैन व सद्दाम पुत्र निक्के निवासीगण पिपलगाव थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर जामातलासी से अभियुक्त सैदान उपरोक्त के कब्जे से एक अदद तमचा 12 बोर व दो अदद जिंदा कारतूस बरामद कर विधिक कार्यवाही की गई।

# 5 बाइक के साथ बाइक चोर गैंग के चार सदस्य गिरफ्तार

## एसओजी इंटलीजेंस विंग थाना पुलिस के हाथ लगी सफलता

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के पंनोई मोड़ के पास बाइक चोर गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर पुलिस ने चोरी की पांच बाइक बरामद किया हैं पकड़े गए आरोपी चोरी की बाइक बेचने के जुगाड़ में लगे थे लेकिन मामले की जानकारी पुलिस को लग गई और मौके पर पहुंची पुलिस ने चोरी की 5 बाइक के साथ गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है लिखा पढ़ी करने के बाद पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है मामले का खुलासा पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता के दौरान किया है।

क्षेत्राधिकारी सिराथू के नेतृत्व में एसओजी प्रभारी इंटेलिजेंट विंग और कोखराज थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर विश्वास कर कोई मोड़ के पास बाइक छोड़ जाएंगे के सदस्यों की घेराबंदी कर चार आरोपियों को मौके से धर दबोचा बाइक चोर गैंग के सदस्यों के कब्जे से पुलिस टीम ने चोरी की 5 बाइक बरामद की है पकड़े गए आरोपियों में गैंग का सरगना मोहम्मद फैजल उर्फ अददु पुत्र लल्लू निवासी प्रीतम नगर थाना धूमनगंज प्रयागराज बताया जाता है उसके साथ विकास पासी पुत्र राजेश कुमार वा सुरजीत कुमार उर्फ छोटू पुत्र इंदल निवासी पंनोई और राहुल सरोज पुत्र बबलू सरोज निवासी लोकीपुर चरवा बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम देने में शामिल थे पुलिस टीम ने चारो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।




बाइक बरामदगी की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक पीछे खड़े बाइक चोर गैंग के सदस्य



चोरी की गई, बाइकों के साथ पुलिस टीम

### 10 वर्षों से हो रही एक ढाबे में बिजली चोरी

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के अँधावा ननमई मोड़ के पास एक ढाबे में बीते 10 वर्षों से बेखौफ तरीके से विद्युत चोरी की जा रही है विद्युत चोरी के नाम पर ढाबा संचालक द्वारा सब कुछ खुलेआम हो रहा है विभाग द्वारा ढाबे को विद्युत कनेक्शन नहीं दिया गया है फिर भी बेखौफ तरीके से ढाबे में बिजली उपयोग की जा रही है लेकिन पावर हाउस के विद्युत अधिकारी ढाबे में विद्युत चोरी से अनजान बनने का प्रयास कर रहे हैं इतना ही नही बड़े-बड़े बात करने वाले विद्युत विजिलेंस टीम के इंस्पेक्टर भी विजली की बड़ी चोरी पर अंजान बने रह जाते हैं यदि विभाग की संलिप्तता नहीं होगी तो ढाबे में 10 वर्षों से लगातार ढाबा संचालक विद्युत चोरी करने में सफल नहीं होता इस संबंध में अधीक्षण अभियंता विद्युत और अधिशासी अभियंता विद्युत कौशांबी से बात की गई तो उन्होंने ढाबे में विद्युत चोरी की जानकारी से इनकार करते हुए ढाबे में छापामार कार्यवाही की बात कही है अब सवाल उठता है कि ढाबा संचालक पर तो कार्यवाही होगी लेकिन क्या स्थानीय स्तर के विद्युत अधिकारी के कारनामों पर अधिकारी संज्ञान लेंगे या फिर सरकार के राजस्व का नुकसान कर तिजोरी भरने वाले विद्युत विभाग के अवर अभियंता और उपखंड अभियंता की लापरवाही और संलिप्तता इसी तरह बरकरार रहेगी यह योगी सरकार में विद्युत अधिकारियों की मनमानी का जीता जागता उदाहरण है।



हादसे के बाद दुर्घटनास्थल पर मौजूद लोग

## ओवरलोड बालू लदे ट्रैक्टर ने बाइक सवार को रौंदा एक की मौत एक घायल

**चरवा थाना क्षेत्र के पिपरी मोड़ के आगे शनिवार की रात 8:30 बजे हुआ दर्दनाक हादसा**

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के पिपरी मोड़ से बलीपुर टाटा रोड पर बाइक सवार दो युवकों को बालू लदे ओवरलोड ट्रैक्टर ने रौंद दिया है घटना शनिवार रात लगभग 8:30 बजे की है हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई है जबकि दूसरा युवक गंभीर घायल है हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे हैं मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई है और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है। घटनाक्रम में बताया जाता है कि शनिवार की रात्रि लगभग 8:30 बजे पिपरी थाना क्षेत्र के भगवतपुर गांव के सुनील कुमार और विनय कुमार बाइक से बलीपुर टाटा गांव की ओर कहीं जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार दोनों युवक पिपरी मोड़ से बालीपुर टाटा रोड पर आगे बढ़े अचानक तेज गति बालू लदे ओवरलोड ट्रैक्टर ने बाइक सवार दोनों युवकों को रौंद दिया है जिससे दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े हैं घटनास्थल पर ही एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई दूसरा युवक जीवन मौत से जूझ रहा है घायल युवक को इलाज के लिए पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है हादसे की सूचना दुर्घटनाग्रस्त युवको के परिजनों को पुलिस ने दी है खबर लिखे जाने तक अन्य डिटेल नहीं मिल सकी है।



गौशाला में पशुओं को दिए जाने वाला सूखा पैरा

## चारा पानी की व्यवस्था नहीं चालू कर दिया गौशाला

**कौशांबी।** नगर पंचायत चरवा में अधूरा निर्माण के बाद चारा पानी की व्यवस्था किए बगैर गौशाला चालू करवा दिया गया है जिससे पशु चारा पानी के बिना तड़प रहे हैं मामले की जानकारी भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पांडे के द्वारा अधिकारियों को दी गई पशुओं के देखरेख व चारा पानी की व्यवस्था किए बिना 3 मार्च को नगर पंचायत चरवा का गौशाला चालू करवा दिया गया है। योगीराज में नगर पंचायत चरवा के अधिकारियों की अंधेर गर्दी का आलम यह है कि गौशाला में जानवरों के लिए चारा का कोई इंतजाम नहीं कराया गया और खराब से खराब सूखा पैरा खिलाया जा रहा है राशन के नाम पर नगर पंचायत चरवा गौशाला में अभी तक कुछ नहीं है केवल सूखा चारा पैरा पशुओं को दिया जाता है यह सब फालतू नहीं खा रहे हैं आखिर बेजुबान पशुओं को साथ अत्याचार करने वाले इन अधिकारियों के कारनामों को क्या जिलाधिकारी संज्ञान लेकर दोषी नगर पंचायत के अधिकारियों पर कार्यवाही करेंगे।

# लिंगानुपात को सुधारने हेतु जागरुकता कार्यशाला का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जनपद स्तरीय कायशार्ला का आयोजन 05 मार्च 2022 से अधोहस्ताक्षरी कायार्लय में किया गया पीसीपीएनडीटी अधिनियम 1994 के अंतर्गत जनपद में लिंगानुपात को सुधारने की दिशा में प्रयास करते हुये जनमानस में सदेंश के प्रचार-प्रसार तथा जागरुकता हेतु कायशार्ला का आयोजन गया पीसीपीएनडीटी अधिनियम-1994 के अन्तगर्त कायाशार्ला में जिला अधिकारी कौशाम्बी के आदेशानुसार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आबिद सईद, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 एच0पी0मणि नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी वरिष्ठ चिकित्सा धिकारी डा0यस अग्रवाल जिला कायर्क्रम प्रबन्धक ओपी राव महेन्द्र द्विवेदी डीईओ पीसीपीएनडीटी एवं रोडियोलॉजिस्ट संयुक्त जिला चिकित्सालय महिला विशेषज्ञ संयुक्त जिला चिकित्सालय समस्त संचालक आल्ट्रासोनो लॉजिस्ट एएनएम व स्वयंसेवी संस्थाओं के कायर्कताओं द्वारा कायाशार्ला का प्रतिभाग किया गया डा0 एचपीमणि नोडल अधिकारी कौशाम्बी द्वारा पीसीपीएनडीटी अधिनियम 1994 के अन्तगर्त जानकारी दी गयी अल्ट्रासाउण्ड द्वारा लिंग परीक्षण कराया। जाना पीसीपीएनडीटी अधिनियम 1994 के अन्तगर्त अपराध है। पीसीपीएनडीटी अधिनियम 1994 के अन्तगर्त भ्रूण लिंग परीक्षण कराये जाने पर तीन वर्ष की सजा एवं पचास हजार से एक लाख रुपये तक का दण्ड निधार्रित किया गया है जनपद कौशम्बी में 2001 की जनगणना मे शिशु लिंग अनुपात 895 से 2011 की जनगणना के अनुसार 908 रहा गया है, जो समाज के लिए एक ज्वलन्त समस्या है।गोष्ठी में उपस्थित चिकित्सा धिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एचईओ एवं जनपद स्तर के सभी पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया कि इस समस्या को लिंगानुपात को कम करने का प्रयास अपने स्तर से किये जाने की अपेक्षा की गयी।



लिंगानुपात की बैठक करते मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और चिकित्सक

## न्यूज झरोखा

### मतगणना के सम्बन्ध में कार्मिकों का प्रशिक्षण सम्पन्न

**डीएम ने कहा कि किसी प्रकार की ना बरती जाए लापरवाही**



**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी सुजीत कुमार द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में पोस्टल बैलट मतगणना के सम्बन्ध में सम्बन्धित कार्मिकों को विस्तृत जानकारी दिया गया। उन्होनें कार्मिकों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पोस्टल बैलट मतगणना के सम्बन्ध में जारी निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय सभी उप जिलाधिकारीगण द्वारा सम्बन्धित कार्मिकों को पोस्टल बैलट मतगणना के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया।

### 7 लोगों ने मिलकर की सूरज की हत्या किसी नतीजे पर नहीं पहुंची पुलिस

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के मूरतगंज पुलिस चौकी अंतर्गत चंदवारी मोड़ निवासी सूरज केसरवानी उम्र 24 वर्ष को घर से बुलाकर ले जाने के बाद 7 लोगों ने मिलकर हत्या कर दी और लाश गंगा नदी के किनारे फेंक दिया घटना 24 फरवरी की है पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया घटना को 10 दिन बीत जाने के बाद भी सूरज की हत्या के 7 आरोपियों में एक भी आरोपी को पुलिस गिरफ्तार नही कर सकी है जबकि आरोपी कोखराज थाना क्षेत्र में मौज कर रहे हैं। घटनाक्रम में बताया जाता है कि सूरज केसरवानी ने गैर बिरादरी की एक लड़की से प्रेम विवाह किया था यह बात उसके परिजनों रिश्तेदारों को खराब लगी और सूरज को दुनिया से हटाने की रणनीति बनाई गई सूरज की हत्या के पहले उसकी रेकी करने के लिए तीन लोगों को लगाया गया जिन्होंने सूरज की गतिबिधियों के बारे में हमलावरों को बताया और रेकी करने वालों की मदद से सूरज को 24 फरवरी की सुबह घर से बुला लिया गया बाइक में लेकर आरोपी उसके साथ गंगा नदी किनारे गए और एक मंदिर में बैठकर सूरज के साथ सभी आरोपियों ने पहले गांजा पिया फिर सूरत की हत्या कर दी हत्या करने के बाद आरोपियों ने सूरज की लाश को गंगा नदी किनारे फेंक दिया है सूरज की हत्या की कहानी परत दर परत उजागर हो चुकी है लेकिन हत्या के 10 दिन बीत जाने के बाद भी कोखराज पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है

### सब्जी खरीदने गए युवक को दंबगो ने पीटा

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र में सब्जी खरीदने के लिए चरवा चौराहा गए एक युवक को दबंगो ने पीट दिया है मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के सेखपुर रसूलपुर गांव के राजू पुत्र भैरव प्रसाद शुक्रवार को चरवा चौराहे सब्जी खरीदने गए थे गांव के दंबग मंजीष सरोज पुत्र रामप्रसाद दारू पीकर राजू को चौराहे पर गाली गलौज देने लगा राजू बिना कुछ बोले अपने घर चल आया है लेकिन दंबग पीड़ित के घर पहुँचे और फिर गाली गलौज देंते हुए जान से मार देने की धमकी दिया है क्षेत्र में दंबगो के हौसले बुलंद हैं जब चाहें जिसको कही भी गाली गलौज कर पीट दिया जाता है पुलिस विवश है।

# दो घरों से लाखों का माल उठा ले गए चोर

## हाल में हुई शादी और होने वाली शादी के घरों को चोरों ने बनाया निशाना

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के मुरादपुर गांव में शुक्रवार की रात चोरों ने दो किसानों के सूने घरों को अपना निशाना बनाया घर मे सेंधमारी कर और ताला तोड़ कर नकदी जेवर कपड़े बर्तन आनाज समेत करीब चार लाख रुपये का सामान चोरों ने पार कर दिया घटना की जानकारी परिजनों को सुबह हुई तो गृहस्वामियों के होश उड़ गए भुक्तभोगियों ने घटना की तहरीर पुलिस को दिया है। तहरीर मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरिक्षण किया है थाना क्षेत्र में इसके पूर्व भी दर्जनों चोरियां हो चुकी हैं जिनका खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है।

पिपरी थाना क्षेत्र के मुरादपुर गांव निवासी कंधई लाल पुत्र रामबहादुर खेती किसानी करके परिवारीजनों का भरण पोषण करते हैं शुक्रवार को पूरामुफ्ती के तेवारा गांव निवासी अपने मामा महेंद्र सिंह के घर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पत्नी के साथ गए थे। रात्री मामा के घर पर ही रुके थे। इसी बीच आधी रात को चोरों ने कंधई लाल के घर के पीछे की दीवार में सेंध कर चोर कमरे में प्रवेश कर गए और कमरे में रखे दो छोटे बक्सा जिसमें रखी दस हजार रुपये की नकदी समेत सोने के एक तोला का हार झुमका अठन्नी भर अंगूठी चांदी की आधा किलो का करधनी, एक पाव की छागल, दस स्टील की बाल्टी, पीतल आदि के करीब 40 हजार रुपये के बर्तन 12 साड़ी पैंट शर्ट आदि समेत करीब तीन लाख का माल चोरों ने पार कर दिया दो छोटे बक्सा भी नहीं मिले पास रहे किसान तुलसीराम गांव के बाहर बने नए मकान में घरवालों के साथ रहते हैं सूने पड़े तुलसीराम के पुराने घर में लगा ताला तोड़कर कमरे में घुसे चोरों ने पीतल के हंडे स्टील ड्रम समेत पचास हजार रुपये के बर्तन और गैस सिलेंडर व दस बोरी गेंहू धान समेत करीब एक लाख रुपये का सामान उठा ले गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर किसानों के होश उड़ गए। भुक्त भोगियों ने घटना की तहरीर थाना पुलिस को दिया है। तहरीर के बाद पहुंची पुलिस ने घटनास्थलों का निरिक्षण किया है मखदुमपुर चौकी क्षेत्र में इसके पूर्व दर्जनों घरों में चोरियां हो चुकी है जिनका खुलासा तमाम प्रयास के बाद भी पुलिस नहीं कर सकी है।



चोरी की घटना के बाद मौके पर मौजूद परिजन और ग्रामीण

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना करारी पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त करन पुत्र अर्जुन धमार निवासी अवाना आलमपुर थाना करारी व प्रीतम उर्फ छोटू पुत्र सुखलाल मौर्य निवासी हिसामपुर थाना करारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।



हादसे के बाद घटनास्थल पर पहुँचे ग्रामीण और मौके का दृश्य

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार सोसायटी सचिव गंभीर घायल

**स्थानीय अस्पताल के चिकित्सकों ने गंभीर घायल सोसायटी सचिव को इलाज के लिए जिला अस्पताल किया रेफर**

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के लोहंदा मोड़ के पास मोटरसाइकिल सवार को पीएनसी की ट्रेलर से टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस कर्मियों ने घायल अधेड़ को इस्माइलपुर में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार ब्रह्म देव दीक्षित उम्र लगभग 45 वर्ष पुत्र विद्याधर दीक्षित निवासी रामपुर मडुकी किशनपुर फतेहपुर राष्ट्रीय राजमार्ग सोसाइटी डोरमा में सचिव पद पर तैनात है ड्यूटी से घर वापस जाते समय लोंहदा मोड़ पर पीएनसी कंपनी की ट्रेलर जो असामान्य गति से राष्ट्रीय राजमार्ग में दौड़ते हैं टक्कर लग गई जिससे ब्रह्मदेव दीक्षित गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों की सूचना पर108 एंबुलेंस कर्मियों ने घायल व्यक्ति को सीएचसी इस्माइलपुर में भर्ती कराया जहां गंभीर स्थित देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है वही सूचना पर परिजन भी पहुंच गए हैं।

# किशोरी का जबरन अपहरण का प्रयास

अखंड भारत संदेश

**अपहरण में असफल आरोपियों ने पीड़ित पक्ष पर बरसाए ईट पत्थर दो लहूलुहान**

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के कादिलपुर गांव में घर के बाहर से एक किशोरी के अपहरण की कोशिश आरोपियों ने की है थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है पुलिस अब आरोपित युवक व उसके साथियों की तलाश मे जुटी है मामला शुक्रवार की शाम का बताया जा रहा है कार सवार युवक ने अपने कुछ साथियो संग मिलकर किशोरी का अपहरण करने का प्रयास किया। किशोरी के शोर मचाने पर परिजनों ने विरोध किया तो अपहरणकर्ता की तरफ से करीब 6 लोग ईंट पत्थर फेंकते हुए फरार हो गए। ईंट पत्थर से पीड़ित पक्ष से दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर लेकर जांच के बाद केस दर्ज कर गिरफ्तारी की कार्रवाई शुरू कर दी है। पिपरी कोतवाली क्षेत्र के कादिलपुर गांव निवासी जंगबहादुर पुत्र रामकृपाल की 15 साल की बेटी रोशनी घर पर थी शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे दरवाजे पर बंधे मवेशियों को वह चारा पानी कर रही थी। गांव स्थित एक ईंट भट्टे के मालिक का बेटा सूरज कार पर सवार होकर वहां पहुंचा। वो जबरन किशोरी को कार में बैठाने लगा। किशोरी के शोरगुल करने पर जुटे लोगों ने इसका विरोध किया जिससे किशोरी का अपहरण नहीं हो सका और अपहरणकर्ता को उल्टे पांव वापस लौटना पड़ा अपहरणकर्ता और पीड़ित पक्ष में गाली गलौज गई। लोगों के बीच खुद को घिरा देख बदमाश ईंट पत्थर चलाने लगे। जिसमें पीड़ित पक्षों से 2 लोग घायल हुए। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है। तहरीर पर पुलिस ने जाँच के बाद शनिवार को केस दर्ज कर गिरफ्तारी की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गांजा के साथ युवक गया जेल

**कौशाम्बी।** सराय अकिल पुलिस उपनिरीक्षक नीरज कुमार सिंह मय हमराह उपनिरीक्षक अभिषेक यादव के साथ चेकिंग व क्षेत्र भ्रमण के लिए में थे मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध ब्यक्ति हाथ मे काला बैग लिये खड़ा है सूचना मिलते ही फकीराबाद चौराहा पर संदिग्ध युवक को पकड़ कर उसकी जमा तलाशी के दौरान युवक के बैग से एक किलो सात सौ ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ नाम पता पूछने पर युवक सौरभ केसरवानी पुत्र विनोद केसरवानी निवासी चावल मंडी कस्बा सराय अकिल के रूप में हुई लिखापढ़ी कर युवक को न्यायालय भेज दिया है।

### चेकिंग के दौरान कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद मे लाकडाउन के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निदेर्शों के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जनपद स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा अनावश्यक रूप से बाहर घूमने मास्क न लगाने एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया, जिनमें 98 वाहनों का ई चालान किया गया।

# ननमई के एक ढाबे में बेखौफ तरीके से हो रही अफीम की बिक्री

अखंड भारत संदेश

**लंबे समय से अफीम के व्यवसाय में लिप्त ढाबा संचालक पर कार्यवाही न हो पाना थाना पुलिस की शिथिलता का जीता जागता उदाहरण है**

**कौशांबी।** संगठित अपराध के धंधे से कौशांबी का पुराना नाता है अफीम का व्यवसाय चार दशक पूर्व सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा से लेकर कनवार तक तीन दर्जन से अधिक ढाबों में बेखौफ तरीके से फल फूल रहा था फटीचर से दिखने वाले ढाबा संचालक अफीम के व्यवसाय से लग्जरी वाहनों में संगीनों के साए में चलने लगे और सत्ता में मजबूत पकड़ रखने लगे अफीम के धंधे के वर्चस्व को लेकर कई बार गोलियां भी चल चुकी हैं जो पुलिस अभिलेखों में दर्ज है। दो दशक पूर्व तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक इलाहाबाद के सख्त रवैया पर अफीम के धंधे वालों की कमर तोड़ने का भरसक प्रयास हुआ जिससे अफीम के व्यवसाय पर कुछ हद तक रोक लग गई लेकिन जैसे ही पुलिस ने नकेल ढीली की अफीम कारोबारियों ने फिर अपना व्यवसाय बढ़ाना शुरू कर दिया कनवार क्षेत्र में ढाबे की आड़ में संचालित होने वाले अफीम के धंधे ने अपना पांव पसार कर कोखराज थाना क्षेत्र में भी जड़े जमा ली हैं कनवार क्षेत्र अफीम के व्यवसाय में बदनाम हो चुका था पुलिस की बदनामी के डर से वहां के ढाबा संचालकों ने कोखराज क्षेत्र में ढाबा खोल लिया और अफीम का व्यवसाय चार दशक पुराने सिस्टम से फिर बेखौफ शुरू हो गया गुलामी पुर क्षेत्र के कई ढाबो में अफीम का व्यवसाय बेखौफ तरीके से हो रहा है इन दिनों ननमई गांव के मोड़ के पास एक ढाबे में बेखौफ तरीके से अफीम ट्रक चालकों को उपलब्ध कराई जाती है कनवार क्षेत्र के भी कुछ ढाबों में अभी भी अफीम का व्यवसाय हो रहा है बताते चलें कि पंजाब हरियाणा से आने वाले ट्रक चालक अफीम के नशे का सेवन करते हैं और उन चालकों को कौशांबी की धरती पर ढाबे के आड़ में आसानी से अफीम मिल जाती है इस व्यवसाय को माफियाओं के बोलचाल की भाषा में काली माई के नाम से जाना जाता है लंबे समय से अफीम के व्यवसाय में लिप्त ढाबा संचालक पर कार्यवाही न हो पाना थाना पुलिस की शिथिलता का जीता जागता उदाहरण है।

# राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में हो सम्मिलित

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2022-23 प्रदेश के सभी जनपदो में निधार्रित परीक्षा केन्द्रों पर आयेजित किया जाना है। इस परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन 28 फरवरी 2022 से प्रारम्भ है। ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 15 मार्च 2022 निधर्रित की गई है ऑनलाइन आवेदन के अतिरिक्त डाक द्वारा या अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार्य नही किये जायेंगे। उक्त परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने तथा परीक्षा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2022-23 मे सम्मिलित होने की आहर्ता जिन्होंने शैक्षिक सत्र 2020-21 में कक्षा 7 की परीक्षा प्रोन्नत की हो ऐसे छात्र छात्राएं जो सत्र 2021-22 में राजकीय अशसकीय सहायता प्राप्त स्थनीय निकाय (परिषदीय) के विद्यालय में कक्षा 8 में अध्ययनरत हो। केन्द्रीय विद्यालय जवाहर नवोदय विद्यालय राजकीय आवासीय विद्यालय एवं सैनिक स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु हर्र नहीं है ऐसे छात्र/छात्राएं जिनके अभिभावकों की आय सभी स्त्रोतो से एक लाख पचास हजार मात्र से अधिक न हो इस परीक्षा हेतु किसी भी प्रकार का शुल्क नही लिया जायेगा आवेदन करते समय सभी अभ्यथियों को तहसीलदार/सक्षम अधिकारी द्वारा निगर्त आय प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग चुनौतीग्रस्त श्रेणी तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित अभ्यथियों को निधार्रित प्रारूप पर सक्षम अधिकारी द्वारा निगर्त आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र भी अपलोड करना होगा। प्रमाण पत्र ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि के पूर्व का निगर्त होना चाहिए। आवेदन पत्र के साथ आरक्षण प्रमाण पत्र अपलोड न करने पर अभ्यर्थी को सामान्य क्ष्रेणी के रूप मे माना जायेगा ऑनलाइन आवेदन पत्र में परीक्षा से सम्बन्धित सभी सूचनाएं अंकित हैं।

संपादक की कलम से

## उत्तर प्रदेश में जुर्माने का रिफंड योगी को झटका

**लोक** एवं निजी संपत्ति को नुकसान एवं नुकसान वसूली एक्ट 2021 नाम दिया गया है। मध्यप्रदेश के इस कानून के मुताबिक केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, स्थानीय निकाय और सहकारी संस्थाओं तथा सार्वजनिक कंपनियों की संपत्ति के नुकसान को अंजाम देने वालों के खिलाफ जुमार्ने का प्रावधान है। अगर कोई व्यक्ति 15 दिन में नुकसान का हजार्ना नहीं देता, तो उसकी वसूली करने के लिए क्लैम्स ट्रिब्यूनल की मदद ली जाएगी और अगर जरूरत पड़ी तो आरोपी की चल और अचल संपत्ति जब्त कर ली जाएगी। कानून के मुताबिक नुकसान से दोगुना तक की राशि की वसूली की जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि सीएए आंदोलन के दौरान जिन लोगों पर जुमार्ना लगाया गया था और जिन लोगों ने जुमार्ने की राशि जमा कर दी थी, उन्हें वह राशि रिफंड कर दी जाए। पिछले सप्ताह उत्तर प्रदेश की सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बताया कि हमने जुमार्ने की भरपाई करने के आदेश वापस ले लिए हैं। 2019 में सीएए आंदोलन के दौरान सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान को लेकर उत्तरप्रदेश सरकार ने 274 लोगों को नोटिस दिए थे और कहा था कि वे जुमार्ने की राशि जमा करें। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तरप्रदेश सरकार के रवैये के प्रति नाराजगी जताई थी और जुमार्ने के रिफंड में सरकार की सुस्ती को लेकर भी कड़ी टिप्पणी की थी।

सुप्रीम कोर्ट ने माना कि सीएए आंदोलन के दौरान हुए जन-धन के नुकसान की भरपाई के लिए राज्य सरकार ने जो काम किया है, उससे ऐसा लगता है कि सरकार ही यहां शिकायतकर्ता है, सरकार ही वकील है और सरकार ही न्यायाधीश है। ये तमाम नोटिस मनमाने तरीके से दिए गए हैं। एक नोटिस तो ऐसे व्यक्ति को भेजा गया, जिसकी उम्र 94 वर्ष थी और उसकी मृत्यु को 6 साल हो चुके थे। 2 नोटिस ऐसे व्यक्ति को दिए गए, जो 90 साल से ज्यादा की उम्र के हैं और शारीरिक रूप से सक्षम नहीं है।

# वस्तुएं नहीं मुफ्त नगद दीजिए

**डॉ. भरत झुनझुनवाला**

**नगद** वितरण को न अपनाने के पीछे मुख्यतः सरकारी नौकरशाही के स्वार्थ दिखते हैं। जैसे जनता को यदि खाद्यान्न उपलब्ध कराना है तो उसे सीधे नगद वितरित करके सक्षम बनाया जा सकता है कि वह 20 रुपए किलो में गेहूं बाजार से खरीद ले; अथवा उसे 2 रुपए प्रति किलो कि दर से गेहूं वितरित किया जा सकता है। दोनों ही तरह से लाभार्थी को गेहूं मिलता है। अंतर यह है कि यदि गेहूं का वितरण वस्तु के रूप में किया जाता है तो सरकारी नौकरशाही को गेहूं खरीदने में, भंडारण करने में, वितरण करने में, राशन की दुकान चलाने में एवं राशन कार्ड बनाने में नौकरी और घूस इत्यादि लेने का पर्याप्त अवसर मिलता है। चुनाव के समर में मुफ्त वस्तुएं बांटने की होड़ लगी हुई है। सरकार द्वारा पहले ही मुफ्त शिक्षा, किसानों को मुफ्त बिजली, मुफ्त गैस सिलेंडर, मुफ्त आवास आदि दिए जा रहे थे। अब मुफ्त लैपटॉप, साइकिल और कहीं तो शराब भी मुफ्त बांटने के वायदे किए गए ऐसा बताया जा रहा है। इस प्रकार के वितरण में सरकार का राजस्व समाप्त हो जाता है लेकिन लाभार्थी को केवल तात्कालिक आराम मिलता है। उसको अपनी जीविका को लंबे समय तक चलाने का मार्ग नहीं मिलता है। कहावत है कि किसी को मछली देने के स्थान पर मछली पकड़ना सिखाना ज्यादा उत्तम है



जिससे कि वह आगे तक स्वयं मछली पकड़ कर अपना पेट भर सके। इसी प्रकार राजनीतिक पार्टियों को मुफ्त वस्तुएं वितरित करने के स्थान पर जनता को अपने रोजगार को बनाने और दीर्घकालिक आय अर्जित करने का रास्ता बनाने में मदद करनी चाहिए। लेकिन यहां समस्या हमारी आर्थिक नीतियों के मूल ढांचे की है। हम मुख्यतः जीडीपी यानी आय के पीछे भाग रहे हैं। जनता को रोजगार मिले या न मिले, हमारी दृष्टि सिर्फ इस बात पर टिकी हुई कि है देश कितना समृद्ध है, देशवासी गरीब हों तो चलेगा। परिणामस्वरूप जनता को रोजगार उपलब्ध करने के प्रयास नहीं हो रहे हैं। जीडीपी बढ़ाने में बड़ी कंपनियां सफल होती है और छोटे उद्योग असफल होते हैं चूंकि वे तुलना में महंगा माल बनाते हैं। इसलिए सरकार ने नीति अपना रखी है छोटे उद्योगों को समाप्त करो और बड़े उद्योगों को बढ़ावा दो जिससे कि देश का जीडीपी बढ़े। लेकिन इसका परिणाम यह है आम आदमी बेबस है। न तो उसके पास रोजगार है और न ही आय का कोई साधन। नोटबंदी, जीएसटी और लॉकडाउन ने छोटे उद्योगों को समाप्त कर दिया है और आम आदमी को त्रस्त कर दिया है। इस परिस्थिति में आम आदमी को राहत देना अनिवार्य है। इसका सीधा उपाय है कि उसे जीविकोपार्जन के लिए मुफ्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। इस मुफ्त वितरण के विरोध में पहला तर्क यह दिया जाता है की है वित्तीय दृष्टि से ऐसा वितरण टिकाऊ नहीं है। यह तर्क सही नहीं है। सरकार के खर्चों को तीन श्रेणियों में रखा जा सकता हैः 1. मुफ्त वितरण, 2. सरकारी खपत जैसे अधिकारियों को बढ़े हुए वेतन देना अथवा उनके लिए एसयूवी खरीदना, और 3. निवेश जैसे हाईवे बनाना। इन तीनों में यदि हमें मुफ्त वितरण बढ़ाना है तो दूसरे दो यानी सरकारी खपत अथवा निवेश में कटौती करनी पड़ेगी। यह बात सही है। यदि निवेश में कटौती की जाए और सरकारी खपत बनाई रखी जाए तब यह वितरण टिकाऊ नहीं रहेगा क्योंकि निवेश करना देश के अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी है। इसके विपरीत यदि सरकारी खपत में कटौती की जाए और निवेश को बनाए रखा जाए तो यह नीति टिकाऊ हो जाती है। यानी विषय मुफ्त वितरण के टिकाऊ होने का नहीं है। विषय यह है कि हम सरकारी खपत में कटौती करके मुफ्त वितरण करना चाहते हैं अथवा सरकारी निवेश में कटौती करके?

मुफ्त वितरण के विरोध में दूसरा तर्क टैक्स के दुरुपयोग का दिया जाता है। लेकिन हमारे संविधान में कल्याणकारी राज्य की कल्पना की गई है। सरकार का मूल उद्देश्य है कि जनता का कल्याण हासिल करे। इस दृष्टि से बड़े उद्योगों पर कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी की जिम्मेदारी दी गई है जिसके अंतर्गत उन्हें अपने प्रॉफिट के एक अंश का सामाजिक कार्यों में उपयोग करना होता है। इसी क्रम में यदि टैक्स का उपयोग भी जनता को मुफ्त वितरण के लिए किया जाए तो यह कल्याणकारी राज्य के उद्देश्य को बढ़ावा देगा और यह उचित ही दिखता है। मुफ्त वितरण के संदर्भ में असल प्रश्न यह है कि यह वितरण वस्तुओं के रूप में किया जाए अथवा सीधा नगद के रूप में? वस्तुओं के मुफ्त वितरण के तरफ पहला कदम संभवतः 60 के दशक में फर्टिलाइजर पर सब्सिडी देकर की गई थी। उस समय देश में सूखा पड़ा हुआ था। खाद्यान्न का उत्पादन बढ़ाना था। किसान फर्टिलाइजर का अधिकाधिक शीघ्र अतिशीघ्र उपयोग करें इसलिए सरकार ने इसके दाम न्यून रखें। किसानों ने फर्टिलाइजर का उपयोग बढ़ाया। देश में खाद्यान्न का उत्पादन बढ़ा और हम भुखमरी से बाहर निकले थे। लेकिन यह विवादास्पद कि क्या फर्टिलाइजर सस्ता होने से ही किसानों ने उसका उपयोग किया? संभव है कि यदि फर्टिलाइजर की उपलब्धि होती और किसान को फसल का समुचित दाम दिया जाता तो भी किसान फर्टिलाइजर का उपयोग बढ़ाते क्योंकि वे लाभ तो अर्जित करना ही चाहते हैं। इसलिए यह सोचना कि सब्सिडी अथवा मुफ्त वितरण से ही हम देश को सही दिशा में ले जा सकेंगे यह उचित नहीं दिखता है। सही यह है कि देश का हर नागरिक अपना हित साधना चाहता है।

# बिना नतीजे आए ही बहुत कुछ बता गया है उप्र का चुनाव

**– राजू पाण्डेय**

**राजनीति विज्ञान** का एक अतिसामान्य अध्येता भी यह जानता है कि जिस देश में अल्पसंख्यक सुरक्षित और खुशहाल रहते हैं वह देश प्रगति और विकास के मानकों पर अच्छा प्रदर्शन करता है और उस देश का लोकतंत्र सुदृढ़ता एवं स्थायित्व प्राप्त करता है। इसके विपरीत अल्पसंख्यकों का दमन करने वाले और धर्म को सत्ता संचालन का आधार बनाने वाले देश विकास की दृष्टि से तो पिछड़ते हैं ही इनमें लोकतंत्र भी जीवित नहीं रह पाता। जब तक राजनीति के विमर्श में धर्मांधता और कट्टरता को महत्व मिलता रहेगा तब तक हमारे लोकतंत्र पर संकट बना रहेगा। उत्तरप्रदेश चुनाव का नतीजा कुछ भी हो लेकिन इतना तय है कि साम्प्रदायिक ताकतों का हिन्दू-मुस्लिम ध्रुवीकरण का एजेंडा सामाजिक समरसता को एक ऐसी क्षति पहुंचाने की ओर अग्रसर है जिसकी भरपाई बहुत कठिन है। उत्तरप्रदेश में चुनाव की प्रक्रिया जारी है किंतु कुछ निष्कर्ष अभी से निकाले जा सकते हैं। देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी तथा केंद्र एवं उत्तरप्रदेश में सत्तासीन भाजपा की राजनीति में अल्पसंख्यकों और खास तौर पर मुसलमानों के लिए कोई जगह नहीं है। यूपी में मुस्लिम वोटर लगभग 19 फीसदी हैं और 403 विधानसभा सीटों में करीबन 120 पर इनकी निर्णायक भूमिका है, इसके बावजूद भाजपा न केवल इन्हें नजरअंदाज कर रही है बल्कि वह इनका राजनीतिक बहिष्कार कर गौरवान्वित भी है। हाल ही में तेलंगाना के विधायक टी राजा सिंह के बयान का सीधा अर्थ यही है कि मुसलमानों का ध्रुवीकरण हो चुका है और यह हिंदुओं के लिए यह एक चेतावनी है। हिंदुओं को भी योगी के लिए शत प्रतिशत मतदान करना होगा। भाजपा और उसके समर्थक हिंदुत्ववादी संगठनों ने मुसलमानों को शत्रु के रूप प्रस्तुत किया है। यह स्वाभाविक है कि मुसलमान उस भाजपा के साथ तो जा नहीं सकता जिसकी राजनीति का मूलाधार ही मुसलमानों के प्रति कटुता है। इस बात में भी कोई आश्चर्य नहीं है कि मुस्लिम मतदाता भाजपा को परास्त करने के लिए संकल्पबद्ध हो रहे हैं; आखिर इस चुनाव के नतीजे देश में उनके भविष्य की रूपरेखा तय करेंगे। भाजपा की उग्र हिंदुत्ववादी सोच ने मुसलमानों को संगठित होने के लिए मजबूर किया है किंतु इसका प्रस्तुतिकरण इस प्रकार से किया जा रहा है कि संगठित मुसलमान भारी मतदान द्वारा सत्ता पर काबिज होना चाहते हैं और हिन्दू यदि उनके षड्यंत्र को न समझे तो बहुसंख्यक होने के बावजूद मुसलमानों की अधीनता उन्हें स्वीकार करनी होगी। भाजपा का लोक कल्याण संकल्प पत्र 2022 भी यह दशार्ता है कि मुसलमानों के प्रति उसकी सोच अधिक संकीर्ण ही हुई है। इसमें कथित लव जिहाद तथा धर्मांतरण रोकने संबंधी कानून को और अधिक कठोर बनाने का जिक्र है। जब संकल्प पत्र यह कहता है कि हम गुंडे,अपराधी और माफिया के खिलाफ कार्रवाई इसी दृढ़ता से आगे भी जारी रखेंगे तब अल्पसंख्यक समुदाय में यह संदेश जाता है कि योगी आदित्यनाथ की 'ठोक दो' कार्यशैली में बदलाव नहीं आने वाला। संकल्प पत्र की भूमिका में योगी आदित्यनाथ लिखते हैं- 'यह चुनाव




आस्थाओं के सम्मान का चुनाव है, इस प्रदेश की गौरवशाली सनातन संस्कृति के सम्मान का चुनाव है।' शायद यही कारण है कि 'सांस्कृतिक धरोहर एवं विकसित पर्यटन' उप शीर्षक के तहत किए गए 16 वादे केवल हिन्दू धार्मिक स्थलों को पर्यटन केंद्रों के रूप में विकसित करने से संबंधित हैं। इनमें उन ऐतिहासिक धरोहरों का कोई जिक्र नहीं है जिनका संबंध मुस्लिम समुदाय से है।

भाजपा के इस संकल्प पत्र में 'सबका साथ सबका विकास' उपशीर्षक भी है जिसके अंतर्गत किए गए 17 वादों में मुस्लिम समुदाय को छोड़कर लगभग हर समुदाय के लिए कुछ न कुछ है। देश के गृह मंत्री और पूर्व भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने उत्तरप्रदेश में अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत कैराना से की। इस तरह उन्होंने पिछले चुनाव की भांति ही कैराना से हिंदुओं के कथित पलायन को चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश की। इससे उनके दो प्रयोजन सिद्ध होते हैं।

# नमक के दारोगाजी

**सर्वमित्रा सुरजन**

**अब सत्ता** की थाली हथियाने के लिए जो नमक चुनावी व्यंजन में मिलाया जा रहा है, वो जनता की सेहत के लिए ठीक नहीं है। जनता चाहे तो पूछ सकती है कि एक चुटकी नमक की कीमत तुम क्या जानो, चौकीदार बाबू। लेकिन अभी चौकीदार बाबू नमक का दारोगा बनने में लगे हुए हैं। उन्हें उनकी पितृ संस्था ने समझाया है कि सत्ता में ओहदे की ओर ध्यान मत देना, यह तो पीर का मजार है। निगाह चढ़ावे और चादर यानी चुनाव औ? उसमें उठाए जा सकने वाले मुद्दों पर रखनी चाहिए। चुनाव में ऐसे मुद्दे ढूंढना जिससे हिंदू राष्ट्र बनाने की संभावनाएं बनती रहें, और उद्योगपतियों की दौलत बढ़ती रहे। सत्ता वैसे तो पूर्णमासी का चांद है, जो एक बार हाथ लग जाएगी, और पांच सालों में घटते-घटते लुप्त हो जाएगी। चुनाव बहता हुआ स्रोत है जिससे हुकूमत की सदैव प्यास बुझती है।

चुनावी देग चढ़ चुकी है और उसमें हिंदुत्व, सांप्रदायिकता, माफिया राज, बुलडोजर, पाकिस्तान, जिन्ना, अब्बाजान, निजाम, पलायन, विकास, रोजगार, किसान, गैस सिलेंडर जैसी तमाम सामग्रियां उचित मात्रा में मिलाकर सत्ता का व्यंजन पकाया जा रहा है। मुफ्तखोरी की छौंक भी लगाई जा चुकी है, बस स्वादानुसार नमक की कमी थी, सो वो भी पूरी कर दी गई। प्रधानसेवक अब चौकीदार की भूमिका छोड़कर रामगढ़ के सरदार रसोइए बनते



दिख रहे हैं। उन्होंने जनता को याद दिलाया कि कैसे एक वृद्धा ने कहा कि मोदी का नमक खाया है, तो धोखा नहीं देंगे। वैसे फिल्म में तो सरदार नमक के बाद गोली भी बड़ी प्यार भरी धमक के साथ खिलाता है। नमकहलाली का वो अंजाम देखकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। लेकिन हकीकत उससे कहीं अधिक डरावनी लग रही है। अब सत्ता की थाली हथियाने के लिए जो नमक चुनावी व्यंजन में मिलाया जा रहा है, वो जनता की सेहत के लिए ठीक नहीं है। जनता चाहे तो पूछ सकती है कि एक चुटकी नमक की कीमत तुम क्या जानो, चौकीदार बाबू। लेकिन अभी चौकीदार बाबू नमक का दारोगा बनने में लगे हुए हैं। उन्हें उनकी पितृ संस्था ने समझाया है कि सत्ता में ओहदे की ओर ध्यान मत देना, यह तो पीर का मजार है। निगाह चढ़ावे और चादर यानी चुनाव औ? उसमें उठाए जा सकने वाले मुद्दों पर रखनी चाहिए। चुनाव में ऐसे मुद्दे ढूंढना जिससे हिंदू राष्ट्र बनाने की संभावनाएं बनती रहें, और उद्योगपतियों की दौलत बढ़ती रहे। सत्ता वैसे तो पूर्णमासी का चांद है, जो एक बार हाथ लग जाएगी, और पांच सालों में घटते-घटते लुप्त हो जाएगी। चुनाव बहता हुआ स्रोत है जिससे हुकूमत की सदैव प्यास बुझती है। लोकतंत्र में सत्ता पांच साल के लिए होती है, उससे तुम्हारा मकसद पूरा नहीं होगा। मगर चुनाव तुम्हारे लिए सुनहरा मौका है, इसी से तुम्हारी पार्टी की और मित्रों की बरकत होती है। तो देश के चौकीदार अब नमक के दारोगा बनकर अपनी बिगड़ी बनाने और जनता की बनी-बनाई बातों को बिगाड़ने में लग गए हैं।

आप सिर धुनते रहिए कि दारोगाजी को चुनावी संबंधी जो ज्ञान उनकी पितृसंस्था ने दिया है, वो कितना देशहित में है, इससे लोकतंत्र का क्या नुकसान हो सकता है। लेकिन ऐसा ज्ञान तो सरस्वती की लुप्त धारा की तरह पिछले 50 बरसों से शस्य-श्यामला धरती के नीचे बहाया जा रहा था। यह धारा कई बार अपने कुटिलता के साथ सतह के ऊपर भी आई, लेकिन सब यही सोच कर उसे अनदेखा करते रहे कि हमें क्या, हमारे हाथ-पैर इस तेजाबी पानी में तो जल नहीं रहे, जो लोग इसमें झुलस रहे हैं, वो अपना बचाव खुद कर लेंगे। नतीजा ये हुआ कि अब तेजाबी पानी सिर के ऊपर से बहने लगा है। कर्नाटक में इस पानी का आचमन करने वाले एक शख्स की जान चली गई, अब उसकी बहन रोकर सबसे अपील कर रही है कि आप इस तेजाब से खुद को बचा लें। उसके आंसुओं का नमक इस समाज का स्वाद बनाए रखने के लिए जरूरी है।

यही नमक सत्ता के जहरीले नमक को काट सकता है। बापू ने भी एक मु‌ी नमक उठाकर सत्ता को चुनौती दी थी। ब्रिटिश साम्राज्य उन दुबले-पतले हाथों की मु में बंद नमक को देखकर कांप उठा था।

# राजनैतिक विकृति का चरम है साइकिल का उपहास

**– डॉ. दीपक पाचपोर**

**चुनावी परिणाम** जो भी आएं, देश कलुषता, वैमन्यस्यता और सामाजिक संघर्षों के लिए सतत आतुर दिखलाई दे रहा है जो हमारे पुरुषार्थ से हासिल अब तक की सभी उपलब्धियों को व्यर्थ कर देगा। अगर यह प्रक्रिया न रुकी तो हम जल्दी ही ऐसा समाज अपनी आंखों के सामने साकार देखेंगे जिसमें जीवन के श्रेष्ठ सत्व यानी कि मानव की मुक्ति, गरिमा, समानता, बन्धुत्व, धर्मनिरपेक्षता, सहिष्णुता, उदारता जैसे महान मूल्य बारह के भाव से तिरोहित हो जायेंगे। बेहद क्षरित सार्वजनिक जीवन एवं कटु सत्ता संघर्ष की प्रक्रिया के अंतर्गत हम चरम विकृति के दौर में हैं। नित नई गिरावटों के साथ देश का राजनैतिक विमर्श अपने ही कीर्तिमानों को ध्वस्त करते हुए यह कहने पर तुला है कि 'देखिये, अधोपतन की हमारी क्षमता अनंत है। अभी हम और भी गिर सकते हैं।' सन्दर्भ : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 5 राज्यों के लिए जारी विधानसभा चुनावों में प्रचार के दौरान उत्तर प्रदेश में अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी समाजवादी पार्टी के चुनाव चिन्ह 'साइकल' पर लगाये गये आरोप, उपहास एवं आरोप। उल्लेखनीय है कि हाल ही में गुजरात की एक कोर्ट ने 2008 में अहमदाबाद में हुए बम विस्फोटों के लिए जिम्मेदार मानते हुए 38 लोगों को फांसी की सजा सुनाई है। इस निर्णय को भुनाते हुए मोदी ने एक चुनावी सभा में इस बाबत कई गलतबयानी की है। उन्होंने बतलाया कि इन विस्फोटों के लिए आतंकवादियों ने साइकिलों में बम रखे हुए थे। उन्होंने यह भी तंज कसा कि आतंकियों ने बम रखने के लिए सपा के चुनाव चिन्ह को ही चुना। चूंकि मोदी ही उस दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री थे, इसलिए वे यह अच्छे से जानते हैं कि बम साइकलों पर नहीं बल्कि कारों में रखे गये थे। एकबारगी यह मान भी लिया जाए कि बम साइकिलों में ही रखे गये थे, तो क्या इसका अर्थ यह निकलता है कि उन विस्फोटों का संबंध सपा से है। अगर यह भी मान लें कि विस्फोटों का कनेक्शन सपा के किसी सदस्य से है तो यह कोर्ट को तय करना है और अनुकूल सजा दोषी व्यक्ति को देनी है। पूरी सपा एवं साइकिल को जिम्मेदार नहीं माना जा सकता। इस बयान के साथ ही मोदी एवं उनकी पार्टी ने बतला दिया है कि वे चुनाव जीतने के लिए राजनीति एवं लोकतंत्र की मयार्दा को तार-तार करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। उनके इस बयान का सपा की ओर से जो कहा गया वह तो अपनी जगह पर है ही, सोशल मीडिया पर लोग साइकिलों के साथ अपनी फोटो डालकर उन्हें चुनौती दे रहे हैं। स्वयं मोदी की एक विदेश यात्रा के दौरान वहां के पीएम के साथ साइकिल थामी तस्वीर भी वायरल हो रही है। यद्यपि यह सर्वविदित है कि उन्हें अपने मान-अपमान की कोई चिंता नहीं रही। यह तभी से लोग देखते आ रहे हैं जब से वे देश के राजनैतिक परिदृश्य में उभरे हैं।


# छोटे कारोबारियों का जिन्दा रहना जरूरी है सरकार

**पलाश सुरजन**

**आत्महत्या** कोई समाधान नहीं है या खुदकुशी कायरों का काम है- सैद्धांतिक रूप से ये बातें अपनी जगह सही हैं। लेकिन सरकार की नीतियां और $फैसले ऐसे क्यों हों कि छोटे और असंगठित कारोबारियों का दम घुटने लगे। क्या सरकार को ये बताने की जरूरत है कि देश की कितनी बड़ी आबादी अपनी जरूरतों के लिए इन्हीं छोटे व्यापारियों पर निर्भर है, इसलिए भी उनका जिन्दा रहना जरूरी है। बागपत का राजीव तोमर अस्पताल के बिस्तर पर कसमसा रहा है, वह बार-बार करवट बदलता है। आंखें खोलता है तो उसे कुछ दिखाई नहीं देता। बोलना चाहता है लेकिन मुंह से आवाज नहीं निकलती। ये उस जहर का असर है जो उसने फेसबुक पर लाइव आकर सबके सामने अपने हलक से नीचे उतार लिया था। जहर की पुड़िया राजीव के हाथ से छीनने की कोशिश में नाकामयाब रही पत्नी ने भी बचा-खुचा जहर निगल लिया और अपनी जान गंवा दी। उधर बरेली के मोहम्मद तारिक ने अपने साढ़े तीन साल के बेटे की गुमशुदगी की रपट दर्ज करवाई। जांच में पता चला कि उसने ही अपने बेटे को मार डाला है क्योंकि वह हीमोफीलिया की उसकी बीमारी का इलाज नहीं करवा पा रहा था।

कुछ ही दिनों के अन्तराल पर हुई ये घटनाएं अलग-अलग हैं लेकिन कारण दोनों के पीछे समान हैं - बेरोजगारी, कारोबार पर नोटबंदी, जीएसटी और लॉकडाउन की मार, बढ़ता कर्ज, बढ़ता घाटा और साथ ही बढ़ता अवसाद। इन्टरनेट खंगाला जाए तो ऐसी सैकड़ों खबरें पढ़ने को मिल जाएंगी। पिछले दिनों केंद्र सरकार ने खुद ही राज्यसभा में बताया कि साल 2018, 2019 और 2020 के दौरान 25 हजार से ज्यादा लोगों ने आत्महत्या की है। इन तीन वर्षों में खुदकुशी की सबसे ज्यादा घटनाएं 2020 में हुई हैं। दिवालियापन, बेरोजगारी और कर्ज इन आत्महत्याओं की वजह बने हैं। तीन सालों में बेरोजगारी ने अगर 9 हजार से ज्यादा की जान ली तो कर्ज और दिवाला निकल जाने से 16 हजार लोगों ने अपनी जान दे दी।

सवाल ये है कि क्या सरकार को इन आत्महत्याओं से कोई फर्क पड़ रहा है! चुनाव प्रचार में मसरूफ भाजपा के नेता विपक्षी दलों के गड़े मुर्दे उखाड़ रहे हैं, लेकिन अच्छे-भले इंसानों के लाशों में तब्दील हो जाने पर एक बोल भी क्या उनके मुंह से फूट रहा है! संसद के एक सदन में जब आत्महत्याओं के बारे में जानकारी दी जा रही थी तो सत्तापक्ष की तरफ से क्या किसी ने 'उफ' भी की ! जो कारण इन घटनाओं के पीछे बताए गए, क्या सरकार ने अपने आप को उनके लिए जिम्मेदार माना! कोरोना काल से लेकर हाल तक आत्मनिर्भरता का राग अलापने वाली सरकार ने क्या ये देखा कि खुदकुशी करने वाले अनगिनत छोटे और असंगठित कारोबारी भी तो देश को



'आत्मनिर्भर' बनाने में अपना योगदान दे रहे थे!

साल 2020 में जब कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा था कि केंद्र और राज्य सरकारों से कोविड के कारण देश भर में लगभग एक चौथाई छोटे कारोबारियों की लगभग पौने दो करोड़ दुकानें बंद होने की कगार पर हैं और ऐसा होना देश की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत विनाशकारी होगा, तो हमारे हुक्मरानों ने उसे एक चेतावनी की तरह क्यों नहीं लिया? दुकानें बंद होने के बाद व्यापारी कहां जाएंगे, क्या करेंगे, वे कोई आत्मघाती कदम उठाना तो शुरू नहीं कर देंगे - क्या इसकी चिंता सरकार में बैठे लोगों ने की? क्या उन्होंने कभी ये जानने की कोशिश की कि 20 लाख करोड़ का जो राहत पैकेज बड़े नाटकीय तरीके से जारी किया गया था, उसका कैसा और कितना फायदा छोटे व्यापारियों को मिला?

आत्महत्याओं का दौर लॉकडाउन के साथ ही शुरू हो गया था। पहले सामूहिक आत्महत्या के इक्का-दुक्का मामले ही सामने आते थे, लेकिन लॉकडाउन के दौरान बीवी-बच्चों, यहां तक कि अपने व्यवसायिक भागीदार तक के साथ आत्महत्या के मामले हर दूसरे-तीसरे दिन सुर्खियों में रहे। लॉकडाउन खत्म होने के बाद स्थितियां सामान्य होने की उम्मीदें भी धरी रह गईं क्योंकि लाखों लोग अपनी नौकरी खो चुके हैं, लाखों लोग अब भी नौकरी की बाट जोह रहे हैं। कोरोना के इलाज के फेर में न जाने कितने लोग अपनी जमा-पूंजी गंवा चुके हैं। जिन गहनों-जेवरों को गिरवी रखकर लोगों ने कर्ज लिया था, वे अब नीलाम होने जा रहे हैं। सूदखोरों के दबाव और धमकियों से निजात पाने के लिए कईयों को अपनी जान दे देना ही बेहतर लग रहा है।

आत्महत्या कोई समाधान नहीं है या खुदकुशी कायरों का काम है- सैद्धांतिक रूप से ये बातें अपनी जगह सही हैं। लेकिन सरकार की नीतियां और फैसले ऐसे क्यों हों कि छोटे और असंगठित कारोबारियों का दम घुटने लगे। क्या सरकार को ये बताने की जरूरत है कि देश की कितनी बड़ी आबादी अपनी जरूरतों के लिए इन्हीं छोटे व्यापारियों पर निर्भर है, इसलिए भी उनका जिन्दा रहना जरूरी है। हमने पहले भी कहा है कि लगातार हो रही आत्महत्याओं का संज्ञान सरकार को लेना चाहिए। वह हताशा से गुजर रहे छोटे व्यापारियों की पहचान करे, उन्हें राहत देने के इंतजाम करे। स्मार्ट सिटी से लेकर सेंट्रल विस्ता जैसी चकाचौंध वाली चीजों के लिए के लिए अगर अरबों-खरबों का प्रावधान हो सकता है तो राजीव और तारिक जैसों के लिए क्यों नहीं?

## भारतीय तलवारबाजों का दिखा दम, दो रजत समेत कुल नौ पदक पर किया कब्जा

**नई दिल्ली।** भारतीय तलवारबाजों ने एशियाई जूनियर और कैडेट तलवारबाजी चैंपियनशिप में नौ पदक जीते। उजबेकिस्तान के ताशकंद में आयोजित हुए टूर्नामेंट में भारत ने चार पदक जूनियर




चैंपियनशिप में जीते जबकि पांच पदक कैडेट चैंपियनशिप में हासिल किए। भारत को एक भी गोल्ड नहीं मिला लेकिन उसके खाते में दो रजत और सात कांस्य पदक शामिल हैं।

फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के मुताबिक एशियाई जूनियर और कैडेट तलवारबाजी चैंपियनशिप में भारत समेत कुल 12 एशियाई देशों ने हिस्सा लिया था।

## बीजिंग में रूस-बेलारूस की गैरमौजूदगी में पैरालंपिक खेल शुरू, यूक्रेन की टीम भी पहुंची

**बीजिंग।** बीजिंग में 2022 शीतकालीन पैरालंपिक की शुरुआत हुई। रूस के 71 खिलाड़ियों और बेलारूस के 12 खिलाड़ियों को इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से वापस भेज दिया गया है। वहीं, यूक्रेन की टीम




बड़ी मुश्किल से युद्ध के हालात के बीच से यहां पहुंचने में सफल रही। यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख वालेरी ने कहा कि यह करिश्मा है कि हम पैरालंपिक के लिए पहुंच गए हैं।

पैरालंपिक के आयोजकों ने रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों को शुरुआत में बीजिंग खेलों में हिस्सा लेने की स्वीकृति दी थी लेकिन उद्घाटन समारोह से एक दिन पहले अपना फैसला बदलते हुए दोनों देशों के खिलाड़ियों को प्रतियोगिता से बाहर कर दिया।

## भारतीय महिला टीम, पाकिस्तान के खिलाफ जीत के साथ करना चाहेगी अपने वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम अपने वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत रविवार को बे-ओवल मैदान पर अपने चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के साथ करेगी।

ये मुकाबला भारतीय समयनुसार सुबह 6.30 बजे शुरू होगा। किसी भी टूर्नामेंट के लिए जरूरी होता है कि आपकी शुरुआत अच्छी हो इसलिए टीम इस मैच को जीतना चाहेगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज को छोड़ दें तो टीम के लिए सब कुछ ठीक घटा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी वनडे से लेकर दो वार्म अप मैचों में भी टीम ने जीत दर्ज की है।टीम ने पहले वार्म अप मैच में दक्षिण अफ्रीका को 2 रन से जबकि दूसरे वार्म अप मैच में वेस्टइंडीज को 81 रन से हराया था।

वेस्टइंडीज के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लेबाजी की थी। इस मैच में मंधाना ने 66 जबकि दीप्ति ने 51 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा कप्तान मिताली राज ने 30 जबकि यास्तिका भाटिया ने भी 42 रन की पारी खेली थी। टीम जीत के इस मोमेंटम को यहां भी जारी रखना चाहेगी। टीम का शीर्ष क्रम अच्छे फार्म में नजर आ रहा है। दोनों टीमों वर्ल्ड कप में आपस में ज्यादा मैच नहीं खेली है। अब तक केवल दो बार ऐसा मौका आया है जब दोनों टीम आपस में भिड़ीं है। दोनों ही बार भारत ने जीत दर्ज की है और पाकिस्तान को अब तक जीत का इंतजार है। अलावा भारत के लिए एक अच्छी बात ये भी है कि पाकिस्तान की टीम दोनों ही मैचों में 100 का आंकड़ा भी नहीं छू पाई है।

# शेन वॉर्न के असामयिक निधन से शोक में डूबा खेल जगत, दिग्गजों ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** स्पिन गेंदबाजी को नयी पर देने वाले आस्ट्रेलिया के महान स्पिनर शेन वॉर्न का थाईलैंड में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।

शेन वॉर्न के असामयिक निधन पर समूचा क्रिकेट जगह गमगीन है और दुनिया भर से ट्विटर पर मौजूदा और पूर्व खिलाड़ियों ने उन्हें सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि दी है।

**सचिन तेंदुलकरः** स्तब्ध। तुम्हारी कमी खलेगी वॉर्नी। मैदान से भीतर या बाहर तुम्हारे साथ कोई पल उबाऊ नहीं होता था। मैदान के भीतर हमारी प्रतिद्वंद्विता और बाहर हंसी मजाक को हमेशा याद करूंगा। भारत के लिये तुम्हारे मन में खास जगह थी और भारतीयों के मन में तुम्हारे लिये। बहुत जल्दी चले गए।

**विराट कोहलीः** जीवन कितना अप्रत्याशित और अस्थिर है। एक ऐसे महान खिलाड़ी जिन्हें मैं मैदान से बाहर भी जानता था, उनके जाने पर विश्वास नहीं कर पा रहा हूं। क्रिकेट की गेंद को टर्न कराने वाले सबसे महान खिलाड़ी ग्जीओएटी (ग्रेटेस्ट आफ आल टाइम)

**युवराज सिंहः** विश्व क्रिकेट के लिये दुखद दिन। पहले रॉडनी मार्श और अब शेन वॉर्न। दिल टूट गया है। वॉर्न के साथ खेलने की सुखद यादें हैं। वह स्पिन के जादूगर थे और क्रिकेट के लीजैंड। समय से पहले चले गए। उनकी कमी बहुत खलेगी। उनके परिवार को मेरी संवेदनायें।

**वीवीएस लक्ष्मणः** बिल्कुल अविश्वसनीय। मेरे पास शब्द नहीं है। लीजैंड और महानतम खिलाड़ियों में से एक। इतनी जल्दी चले गए। उनके परिवार और दोस्तों को संवेदना।

**गौतम गंभीरः**कुदरती प्रतिभा केसाथ उनके जैसे तेवर बिरलों में ही होते हैं। शेन वॉर्न ने गेंदबाजी को जादू जैसा बना दिया। आरआईपी।

**हरभजन सिंहः** विश्वास नहीं होता कि शेन वॉर्न नहीं रहे। ईश्वर आपकी आत्मा को शांति दे मेरे हीरो। इस पर विश्वास करने का मन नहीं करता। पूरी तरह से टूट चुका हूं।



**केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानीः** काश यह खबर सच नहीं हो। एक लीजैंड और महान क्रिकेटर। यादों के लिये, खेल के लिये धन्यवाद शेन वॉर्न। आरआईपी।

**वीरेंद्र सहवागः** स्पिन को 'कूल ' बनाने वाले दुनिया के महानतम स्पिनरों में से एक शेन वॉर्न नहीं रहे। जीवन बहुत नाजुक है लेकिन इस पर भरोसा करना मुश्किल है। उनके परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों को मेरी संवेदनायें।

**इरफान पठानः** शेन वॉर्न दर्शकों के पसंदीदा थे। स्पिन के जादूगर। आस्ट्रेलियाई क्रिकेट के लीजैंड। आईपीएल जीतने वाले पहले कप्तान। उनकी कमी खलेगी।

**ब्रेंडन मैकुलमः** नहीं नहीं। दिल टूट गया है। अभी से 'द किंग' की कमी खलने लगी।

**एडम गिलक्रिस्टः** (टूटे हुए दिन की इमोजी , कोई शब्द नहीं)

**भारतीय हाकी खिलाड़ी पी आर श्रीजेशः** हमारे बचपन को खास बनाने वाला नहीं रहा। आरआईपी लीजैंड।

**भारतीय फुटबॉल कप्तान सुनील छेत्रीः** शेन वॉर्न के निधन की खबर से स्तब्ध हूं। उनके खेल को देखकर और प्रेरणा लेकर बड़े हुए। अपूरणीय क्षति।

**शोएब अख्तरः** इस कमी से उबरने में काफी समय लगेगा। महान शेन वॉर्न अब हमारे बीच नहीं रहे।

**बाबर आजम :** इस पर विश्वास करना मुश्किल है। क्रिकेट जगत के लिये अपूरणीय क्षति। अपनी जादुई लेग स्पिन से उन्होंने पीढियों को प्रेरित किया। आपकी कमी हमेशा खलेगी शेन वॉर्न। उनके परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों को मेरी संवेदनायें।

**शिल्पा शेट्टी (अभिनेत्री और राजस्थान रॉयल्स की पूर्व सह मालिक):**लीजैंड हमेशा जीवित रहते हैं।

**शाहिद अफरीदीः** क्रिकेट ने लेग स्पिन गेंदबाजी की यूनिवर्सिटी को खो दिया। अपने कैरियर की शुरूआत से मैं उनकी गेंदबाजी का कायल था और उनके खिलाफ खेलना हमेशा खास रहा। उनके परिवार को मेरी संवेदनायें।

## भारतीय महिलाओं ने रचा इतिहास, विश्व पैदलचाल चैंपियनशिप में पहली बार जीता पदक

**नई दिल्ली।** भारत की भावना जाट, रवीना और मुनीता प्रजापति ने विश्व एथलेटिक्स पैदल चाल टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। मस्कट में आयोजित इस चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने महिलाओं के 20 किलोमीटर वर्ग में देश को पहला कांस्य पदक दिलाया। चीन ने स्वर्ण और यूनान ने रजत पदक जीता।

रवीना ने एक घंटे, 40 मिनट और 22 सेकंड का समय निकाला और 14वें स्थान पर रहीं। टोक्यो ओलंपिक खेल चुकी भावना 1ः43ः08 के समय के साथ 21वें स्थान पर रहीं जबकि मुनीता ने 26वां स्थान हासिल किया। इसके बाद एक देश के



सभी प्रतियोगियों के प्रदर्शन को जोड़कर पदक तय किए गए।चैंपियनशिप के 61 साल के इतिहास में भारतीय महिला टीम का यह पहला पदक है। इससे पहले पुरूष टीम ने 2012 में कांस्य पदक जीता था।

पुरुष वर्ग में भारत के अमित खत्री आखिरी किलोमीटर तक आगे चल रहे थे लेकिन चौथा रेडकार्ड मिलने से अंडर 20 पुरूषों के दस किलोमीटर वर्ग से अयोग्य करार दिए गए। वह फिनिश लाइन तक पहले भी पहुंच जाते तो स्वर्ण नहीं जीत सकते थे क्योंकि तीसरे रेडकार्ड के बाद उन्हें 60 मिनट की पेनल्टी मिली थी। वह हालांकि चौथा रेडकार्ड नहीं मिलने पर शीर्ष दस में होते। चीन के वांग होंगरेन ने स्वर्ण, इटली के डिएगो जी ने रजत और चीन के जेंग यू ने कांस्य पदक जीता।

## कोहली ने 100वें टेस्ट की पहली पारी को लेकर दी प्रतिक्रिया, कहा- अब अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलना होगा

**मोहाली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व टेस्ट कप्तान विराट कोहली ने मोहाली में अपने 100वें टेस्ट मैच की पहली पारी में 45 रन बनाए, लेकिन वो अपने इस स्कोर को बड़ी पारी में नहीं बदल पाए। उम्मीद की जा रही थी कि इस खास मौके पर विराट कुछ खास करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। पहले टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म होने के बाद विराट कोहली ने अपने सौवें टेस्ट मैच के बारे में कहा कि जब वो मैदान पर बल्लेबाजी के लिए उतरे तब काफी बेचैन थे और पहले पहले टेस्ट मैच की तरह से नर्वस भी थे। पहली पारी में शतक नहीं बना पाने को लेकर वो ज्यादा चिंता में नहीं दिखे और कहा कि उनका मानना है कि वो अच्छा खेल रहे हैं। विराट कोहली से जब पूछा गया कि कि बड़ी पारी नहीं खेल पाने के कारण क्या वह अपनी प्रक्रिया में बदलाव करना चाहते हैं, इस पर उन्होंने कहा कि मेरी तैयारी वैसी ही है जैसी हमेशा रही है। जब तक मैं अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं, मुझे चिंता नहीं है । हम रिकार्ड और उपलब्धियों को लेकर उतावले रहते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगा मानो मेरा पहला टेस्ट है। मुझे बेचैनी हो रही थी और काफी नर्वस भी था। उन्होंने हालांकि स्वीकार किया कि अब अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में बदलना होगा ।

## पूर्व नंबर एक किदांबी श्रीकांत बोले- राष्ट्रमंडल खेल में फिर से स्वर्ण जीतना लक्ष्य

**मुंबई।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने कहा कि इस साल के राष्ट्रमंडल खेल में फिर से स्वर्ण पदक जीतना उनका लक्ष्य है। कोरोना के कारण इंडिया ओपन से बाहर होने के कारण उन्हें निराशा हुई थी।

उनका कहना है कि वह भाग्यशाली हैं कि संक्रमण से जल्दी ठीक हो गया और प्रशिक्षण शुरू किया। श्रीकांत को 8-13 मार्च के बीच आयोजित जर्मन ओपन सुपर से अपने खेल सत्र की शुरुआत करनी है।

पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी और ओलंपियन किदांबी श्रीकांत भारत के सर्वश्रेष्ठ बैडमिंटन खिलाड़ियों में से एक हैं। विश्व रैंकिंग में नंबर 1 स्थान पर पहुंचने के साथ-साथ वह विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय व्यक्ति बने।

2021 बैडमिंटन विश्व




चैंपियनशिप में किदांबी पुरुष एकल के फाइनल में पहुंचने वाले और बीडब्ल्यूएफ टूर में सुपर सीरीज प्रीमियर इवेंट में पुरुषों का खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी भी हैं।

## ओपनिंग मैच में विंडीज की न्यूजीलैंड पर रोमांचक जीत, आखिरी ओवर में डॉटिन ने बचाए छह रन

**माउंट माउंगानुई।** महिला वनडे विश्व कप का आगाज हो चुका है। टूर्नामेंट के पहले मैच में वेस्टइंडीज ने मेजबान न्यूजीलैंड को तीन रन से हरा दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विंडीज ने नौ विकेट पर 259 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 49.5 ओवर में 256 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। आखिरी ओवर में विंडीज की डिएन्ड्रा डॉटिन ने न्यूजीलैंड को छह रन नहीं बनाने दिया और दो विकेट लिए और एक रन आउट किया।

**आखिरी ओवर का रोमांच**

260 रन का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने 49 ओवर तक सात विकेट गंवाकर 254 रन बना लिए थे।

डॉटिन ने 50वें ओवर की पहली गेंद पर एक रन दिया। तब कीवी टीम की ओर से जेस केर और केटी मार्टिन बल्लेबाजी कर रही थीं। दूसरी गेंद पर डॉटिन ने



केटी मार्टिन को आउट कर दिया। मार्टिन 47 गेंद पर 44 रन बना सकीं।

तीसरी गेंद पर डॉटिन ने रोव को एक रन बनाने दिया।

चौथी गेंद पर डॉटिन ने जेस केर को आउट कर कीवी टीम को नौवां झटक दिया। वह 21 गेंदों पर 25 रन बना सकीं।

पांचवीं गेंद पर जोनास को रन आउट कर कीवी पारी को 256 रन पर समेट दिया।

**मैथ्यूज ने जड़ा बेहतरीन शतक**

मैच की बात करें तो वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हेली मैथ्यूज के शतक की बदौलत 259 रन बनाए। हेली ने 128 गेंदों पर 16 चौके और एक छक्के की मदद से 119 रन बनाए। इसके अलावा कप्तान स्टेफनी टेलर ने 47 गेंदों पर 30 रन, कैंपबेल ने 38 गेंदों पर 20 रन और चीडियन नेशन ने 46 गेंदों पर 36 रन की पारी खेली। इसके अलावा कोई बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सका। न्यूजीलैंड की ओर से ताहूहू ने तीन विकेट लिए। इसके अलावा जेस केर ने दो, हाना रोव और अमेलिया केर ने एक-एक विकेट लिया।

# क्षिण अफ्रीका ने बांग्लादेश को 32 रन से हराया, जीत के साथ शुरू किया विश्वकप का अभियान

**ड्यूनडिन।** महिला विश्व कप 2022 के दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका ने बांग्लादेश को 32 रन से हरा दिया है। इसके साथ ही अफ्रीकी टीम ने जीत के साथ अपने विश्व कप अभियान का आगाज किया है। अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 207 रन बनाए थे। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम 49.3 ओवर में 175 रन पर सिमट गई और यह मैच 32 रन से हार गई। दक्षिण अफ्रीका के लिए खाका ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। वहीं बांग्लादेश के लिए सरमीन अख्तर ने सबसे ज्यादा 34 रन बनाए।

**बांग्लादेश की शानदार गेंदबाजी**

ड्यूनडिन के यूनिवर्सिटी ओवल के मैदान पर बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। दक्षिण अफ्रीका का पहला विकेट 30 रन के स्कोर पर गिरा। इसके बाद 69 रन पर टीम का दूसरा विकेट गिरा और लगातार अंतराल पर अफ्रीकी टीम विकेट गंवाती रही। सबसे ज्यादा 42 रन कप्प ने बनाए। वहीं ओपनर वोलवार्ड्ट ने 41 और ट्रियॉन ने 39 रन की पारी खेली। अंत में टीम 49.5 ओवर में 207 रन बनाकर आउट हो गई। बांग्लादेश के लिए फरिहा त्रिस्ना ने तीन विकेट लिए। जहानारा और रितु मोनी को दो-दो विकेट मिले।

**दक्षिण अफ्रीका की बेहतरीन वापसी**

208 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने शानदार शुरुआत की और पहले विकेट के पहले विकेट के लिए 69 रन जोड़े। इसके बाद बांग्लादेश की टीम बिखर गई और 85




रन तक पहुंचते-पहुंचते टीम के चार बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके थे। इसके बाद भी लगातार अंतराल पर अफ्रीकी टीम विकेट निकालती रही और मैच में वापस आ गई। अंत में बांग्लादेश की टीम पूरे 50 ओवर भी नहीं खेल पाई और 49.3 ओवर में 175 रन पर सिमट गई।

बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा 34 रन शर्मिन अख्तर ने बनाए। वहीं शमिमा सुल्ताना ने 27, कप्तान निगर सुल्ताना ने 29, रितु मोनी ने 27 और रुमाना अहमद ने 21 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की खाका ने चार विकेट लिए। क्लास को दो, कप्प और इस्माइल को एक-एक विकेट मिला।

**बांग्लादेश के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका का रिकॉर्ड शानदार**

बांग्लादेशी टीम का यह पहला विश्व कप भी है। वहीं, दक्षिण अफ्रीकी टीम इस विश्व कप में अपने रेगुलर कप्तान डैन वान निएकर्क के बिना उतरी है। सुने लूस इस विश्व कप में अफ्रीकी टीम की कप्तानी कर रही हैं। दोनों के बीच रिकॉर्ड की बात करें तो अब तक कुल 18 वनडे मुकाबले खेले गए हैं। इसमें से 16 मैच दक्षिण अफ्रीकी टीम ने जीते हैं। वहीं, दो मैचों में बांग्लादेश की टीम को जीत हासिल हुई। महिला विश्व कप में दोनों टीमें पहली बार आमेस-सामने थीं और अफ्रीका ने यहां भी बाजी मारी है।

बांग्लादेश के पास अनुभव कम है। उनका विश्व कप खेलना, उस देश की लड़कियों को प्रेरणा देने के लिए काफी है। इस बड़े टूर्नामेंट में खेलकर बांग्लादेश की टीम कुछ अनुभव हासिल करना चाहेगी और आगे के टूर्नामेंट के लिए तैयारी करना चाहेगी।

**सेमीफाइनल में पहुंचने की प्रबल दावेदार है दक्षिण अफ्रीका**

वहीं, दक्षिण अफ्रीका को सेमीफाइनल में पहुंचने का मजबूत दावेदार माना जा रहा है। इस टीम में कई मैच विनर्स शामिल हैं, जिनके पास काफी अनुभव है। ओपनर लिजेल ली पिछले साल शानदार फॉर्म में थीं। इसके अलावा खुद कप्तान सुने लूस भी मैच पलटने में माहिर है। पहला मैच जीतकर अफ्रीका ने सेमीफाइनल की तरफ कदम बढ़ा दिया है।

## पहले टेस्ट में पाकिस्तान मजबूत स्थिति में, एक विकेट के नुकसान पर 300 से ज्यादा रन बनाए

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मैच रावलपिंडी में खेला जा रहा है। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने एक विकेट के नुकसान पर 300 से ज्यादा रन बना लिए हैं। इमाम उल हक 150 का आंकड़ा पार कर चुके हैं, वहीं अजहर अली भी अपने शतक के करीब हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था और अब तक उनके बल्लेबाजों ने इसे सही साबित किया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम इस मैच में आठ गेंदबाजों को आजमा चुकी है, लेकिन नाथन लियोन ही एक विकेट ले पाए हैं। हालांकि, लियोन इस मैच में 100 से ज्यादा रन भी दे चुके हैं।



पाकिस्तान का एकमात्र विकेट लियोन ने लिया है, उन्होंने शफीक को कमिंस के हाथों कैट कराया। शफीक ने 44 रन की पारी खेली।

ऑस्ट्रेलिया की टीम 24 साल बाद पाकिस्तान की जमीन पर कोई मैच खेल रही है। इस दौरे में ऑस्ट्रेलिया को तीन टेस्ट, तीन वनडे और एक टी-20 मैच खेलना है। पहले टेस्ट के दूसरे दिन सभी खिलाड़ी हाथ में काली पट्टी बांधकर मैदान में उतरे। ऑस्ट्रेलियाई के पूर्व क्रिकेटर शेन वॉर्न का निधन हो चुका है और दोनों टीमें उन्हें श्रद्धांजलि दे रही हैं।

**पाकिस्तान की टीम**

बाबर आजम (कप्तान), अब्दुल्ला शफीक, इमाम-उल-हक, अजहर अली, फवाद आलम, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), इफ्तिखार अहमद, नौमान अली, साजिद खान, नसीम शाह, शाहीन अफरीदी।

**ऑस्ट्रेलिया की टीम**

पैट कमिंस (कप्तान), डेविड वार्नर, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुस्चगने, स्टीवन स्मिथ, ट्रैविस हेड, कैमरन ग्रीन, एलेक्स केरी (विकेटकीपर), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, जोश हेजलवुड।

## धोनी के बाद ऋषभ पंत के लिए भी नर्वस-90 बनी परेशानी, पांचवीं बार शतक से चूके

**मोहाली।** भारत और श्रीलंका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला मोहाली में खेला जा रहा है। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने छह विकेट गंवाकर 357 रन बना लिए हैं। फिलहाल रवींद्र जडेजा 45 रन और रविचंद्रन अश्विन 10 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। टीम इंडिया के लिए हनुमा विहारी ने 58 रन और अपना 100वां टेस्ट खेल रहे विराट कोहली ने 45 रन की पारी खेली।

**पंत इस मामले में धोनी के बराबर**

इसके अलावा ऋषभ पंत ने भी ताबड़तोड़ 96 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 98.97 का रहा। अपनी पारी में पंत ने नौ चौके और चार छक्के लगाए। हालांकि, वह शतक से चूक गए और पांचवीं बार नर्वस-90 का शिकार हुए। दुनिया के विकेटकीपर बल्लेबाजों की बात करें तो सिर्फ भारत के पूर्व क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी ही पंत की तरह इतनी बार नर्वस-90 का शिकार हुए हैं।

**14वीं बार भारत ने बनाए 350 प्लस रन**

भारत के बल्लेबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसी की बदौलत टीम पहले दिन 350 प्लस के स्कोर तक जा सकी। यह 14वीं बार है जब भारत ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 350 प्लस का स्कोर बनाया है। श्रीलंका के खिलाफ भारत ने ऐसा छह बार किया है। इसका मतलब यह है कि भारत को श्रीलंका के खिलाफ खेलना बेहद पसंद है।

## पेशावर की शिया मस्जिद में जुमे की नमाज के दौरान बम धमाका, 57 की मौत, 200 से अधिक घायल

**पेशावर।** पाकिस्तान के पेशावर की एक शिया मस्जिद में जुमे की नमाज के दौरान हुए भीषण आत्मघाती बम विस्फोट में 57 लोग मारे गए और 200 से अधिक लोग घायल हो गए। प्रधानमंत्री इमरान खान ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं। अमेरिका ने इस हमले की निंदा करते हुए पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई है। डान अखबार की रिपोर्ट के अनुसार एक बचाव अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी शहर के किस्सा ख्वानी बाजार स्थित जामिया मस्जिद बम धमाके के दौरान खचाखच भरी हुई थी।

**पुलिस कर्मियों पर गोलीबारी**

इस बम धमाके की जिम्मेदारी फिलहाल अभी किसी ने नहीं ली है। पेशावर के पुलिस अफसर एजाज अहसान ने बताया कि मस्जिद में घुसने की कोशिश कर रहे हमलावर ने वहां तैनात पुलिस कर्मियों पर गोलियां चलाईं। इस हमले में एक पुलिस कर्मी भी मारा गया जबकि एक अन्य की हालत काफी गंभीर है। गोलीबारी की इसी घटना के बाद बम विस्फोट हुआ।

**काले रंग की सलवार कमीज पहने था हमलावर**

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि धमाके में लगभग पांच से छह किलोग्राम विस्फोटक सामग्री का इस्तेमाल किया गया। इस घटना को आत्मघाती हमला करार देने वाले अधिकारियों ने शुरू में कहा कि इसमें दो हमलावर शामिल थे। हालांकि, बाद में दिन में जारी सीसीटीवी फुटेज में काले रंग की सलवार कमीज पहने एक अकेला हमलावर मस्जिद तक पैदल पहुंचते और पिस्टल लहराते हुए दिखाई दिया। लेडी रीडिंग अस्पताल के मीडिया मैनेजर आसिम खान ने बताया कि बम धमाके के बाद मौके से 57 शव मिले हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

## बाइडेन ने कहा- यूक्रेन पर रूस का हमला यूरोप और वैश्विक शांति पर हमला है

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि यूक्रेन पर रूस का हमला केवल इस देश (यूक्रेन) पर हमला नहीं है, बल्कि यूरोप और वैश्विक शांति पर हमला है। बाइडन ने फिनलैंड के राष्ट्रपति के साथ बातचीत के बाद संवाददाताओं से कहा कि दोनों देश कुछ वक्त से लगातार संपर्क में हैं। बाइडन ने कहा कि उन्होंने मिलकर रूसियों के खिलाफ संयुक्त प्रतिक्रिया दी है और यूक्रेन के खिलाफ अकारण तथा गैर उकसावे वाले आक्रमण के लिए रूस की जवाबदेही तय कर रहे हैं। बाइडन ने व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में कहा,'' और हम सहमत हैं कि यह सिर्फ यूक्रेन पर हमला नहीं है,बल्कि यूरोप की सुरक्षा और वैश्विक शांति तथा स्थिरता पर भी हमला है।'' इससे पहले दिन में बाइडन ने पोलैंड के राष्ट्रपति एंद्रेज डुडा से बातचीत की और रूस के यूक्रेन पर हमले के खिलाफ देशों की प्रतिक्रिया पर भी बातचीत की।व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा,'' बाइडन ने पोलैंड की सुरक्षा और सभी नाटो सहयोगियों की रक्षा की अमेरिका की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।'' बयान में कहा गया कि उन्होंने नाटो के खिलाफ रूस के किसी भी हमले को रोकने और गठबंधन की मजबूती के लिए 9,000 अमेरिकी बलों की तैनाती के लिए पोलैंड की साझेदारी का आभार जताया,जिसमें हाल के हफ्तों में वहां तैनात किए गए 4,700 अतिरिक्त जवान शामिल हैं। विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने ब्रसेल्स में शुक्रवार को कहा कि अमेरिका ने यूरोप में अतिरिक्त 7,000 सैनिकों को भेजा है और नाटो के पूर्वी बेडे को मजबूत करने के लिए अपने बलों की तैनाती में बदलाव किए हैं। उन्होंने कहा,'' हम रूस के खिलाफ अपने कड़े आर्थिक प्रतिबंधों को और सख्त कर रहे हैं।



## दक्षिण कोरिया में जंगल में लगी आग से 90 मकान खाक, 6000 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया


**सियोल।** दक्षिण कोरिया के पूर्वी तटीय क्षेत्र के जंगल में लगी आग को बुझाने के लिए शनिवार को लगभग दो हजार दमकलकर्मियों और सैनिकों को तैनात किया गया है। इस आग से परमाणु संयंत्र और तरल प्राकृतिक गैस संयंत्र को अस्थायी रूप से खतरा पैदा हो गया है। यह आग समुद्र की ओर बसे उल्जिन शहर की पहाड़ियों पर शुक्रवार की सुबह लगी थी और अब यह लगभग तीन हजार हेक्टेयर के क्षेत्र में फैल चुकी है। आग सैमचियोक शहर के करीब पहुंच चुकी है और अब तक इसकी चपेट में आकर 90 मकान और अन्य इमारतें नष्ट हो चुकी हैं और लगभग छह हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। दक्षिण कोरिया के आतंरिक और सुरक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि हालांकि, इस घटना में अब तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने कहा कि वे आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं।

# राष्ट्रपति पुतिन का बड़ा बयान, कहा- यूक्रेन युद्ध लड़ रहे तीसरे देशों के जिहादी और भाड़े के सैनिक

**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के काले बादल दिन-ब-दिन गहराते जा रहे हैं। बम धमाकों और मिसाइलों की आवाज से लोग हर पल दहशत में जी रहे हैं। यूक्रेन की जमीन पर रूसी सैन्य बल तेजी से अपना पैर पसार रहे हैं। वहीं यूक्रेनी सैनिक भी अपनी पूरी ताकत लगाकर यह युद्ध लड़ रहे हैं, दोनों देशों के बीच यह लड़ाई एक खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई है। इस बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज से एक बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में तीसरे देशों के भाड़े के सैनिकों और यहां तक कि जिहादियों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है।

**राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा**

क्रेमलिन की एक प्रेस विज्ञपित में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के हवाले से एक बयान में बताया गया कि राष्ट्रपति पुतिन ने जर्मन चांसलर स्कोल्ज से कहा कि यूक्रेन के राष्ट्रवादी विदेशियों सहित लोगों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। यूक्रेन बाहरी देशों से जिहादियों और भाड़े के सैनिकों कि मदद लेकर युद्ध लड़ रहा है।' आपको बता दें कि रूसी विदेशी खुफिया सेवा के



अनुसार, पोलिश क्षेत्र का उपयोग करने वाले ग्रेट ब्रिटेन और संयुक्त राज्य अमेरिका की विशेष सेवाएं यूक्रेन में उग्रवादियों को भेज रही हैं।

रूसी विदेशी खुफिया विभाग रूसी विदेश खुफिया सेवा (एसवीआर) प्रेस ब्यूरो ने कहा, 'रूसी विदेशी खुफिया सेवा में आने वाली जानकारी इंगित करती है कि हाल के हफ्तों में अमेरिका और ब्रिटिश खुफिया सेवाओं ने पोलैंड के क्षेत्र को 'लाजिस्टिक्स हब' में बदल दिया है, जिसका इस्तेमाल मध्य पूर्व सहित यूक्रेन में हथियारों और परिवहन आतंकवादियों को आपूर्ति करने के लिए किया जा रहा है।' एसवीआर ने कहा कि नाटो देशों की खुफिया रूसी सशस्त्र बलों के बारे में जानकारी के साथ यूक्रेन या एसबीयू की सुरक्षा सेवा की आपूर्ति कर रही है। रूसी खुफिया विभाग के एक बयान में कहा गया है कि 'अमेरिकियों के साथ, पोलिश लाजिस्टिक्स हब का कामकाज भी ग्रेट ब्रिटेन, कनाडा और कई अन्य नाटो देशों की खुफिया एजेंसियों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रदान किया जा रहा है।

वे एसबीयू के प्रतिनिधियों और मुख्य खुफिया निदेशालय के साथ सीधे संपर्क बनाए रखते हैं। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय, उन्हें अन्य चीजों के अलावा, रूसी सशस्त्र बलों की योजनाओं और आंदोलनों के बारे में खुफिया जानकारी प्रदान करता है।'

## रूस ने यूक्रेन के दो शहरों में किया सीजफायर का ऐलान, संकट में फंसे लोगों को निकलने के लिए देगा जगह

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच दसवें दिन भी युद्ध जारी है। इसी बीच रूस ने यूक्रेन के दो शहरों में सीजफायर का ऐलान किया है। ताकि युद्ध में फंसे लोग वहां से निकल सकें। जिन इलाकों में सीजफायर का ऐलान किया गया है, वो मारियुपोल, वोल्नोवाखा है। रूसी न्यूज एजेंसी स्पूतनिक के मुताबिक, रूस ने शनिवार को यूक्रेन में 06:00 GMT से नागरिकों के लिए मानवीय गलियारे खोलने के लिए सीजफायर का ऐलान किया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 5 मार्च को सुबह 10 बजे (मॉस्को के समयानुसार) रूसी पक्ष ने सीजफायर का ऐलान किया है, ताकि मारियुपोल और वोल्नोवाखा से नागरिकों के बाहर निकलने के लिए मानवीय



गलियारा बनाया जा सके।

मंत्रालय ने बताया कि मानवीय गलियारों और निकास मार्गों पर यूक्रेनी पक्ष के साथ सहमति बनी है। इससे पहले रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सूचित किया था कि रूसी बसें पूर्वी यूक्रेन के खारकीव और सूमी शहरों में भारतीय छात्रों और अन्य विदेशी नागरिकों को निकालने के लिए क्रॉसिंग पॉइंट पर तैयार हैं, जो युद्ध के बीच वहां पर फंसे हुए हैं।

**क्षिणी यूक्रेन में तेज हुआ संग्राम**

राजधानी कीव समेत कई बड़े शहरों में एयर साइरन बज रहे हैं और लोगों को बंकरों में जाने की हिदायद दी जा रही है। आपको बता दें कि रूसी सेना ने दक्षिणी यूक्रेन में आगे बढ़ना शुरू कर दिया है।

सड़कें और इमारतें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं और चारों तरफ सिर्फ दर्द का मंजर दिखाई दे रहा है। यूक्रेन के तीन शहरों कीव, चर्नीहीव, जायतोमीर में एयर साइरन सुनाई दे रहा है। इसके साथ लोगों को बंकरों में जाने की सलाह दी जा रही है।

## यूक्रेन संकट- कमला हैरिस अगले सप्ताह पोलैंड और रोमानिया जाएंगी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के खिलाफ अपने यूरोपीय सहयोगियों को एकजुट करने के लिए अगले सप्ताह पोलैंड और रोमानिया जाएंगी। कमला हैरिस की उप प्रेस सचिव सबरीना सिंह ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सिंह ने कहा, उपराष्ट्रपति की यह यात्रा नाटो गठबंधन की ताकत और एकता को प्रदर्शित करेगी साथ ही रूसी आक्रमण के मद्देनजर नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) के पूर्वी सहयोगियों के लिए अमेरिकी समर्थन दिखाएगी।यह दौरा यूक्रेन के लोगों का समर्थन करने के हमारे सामूहिक प्रयासों को भी उजागर करेगा। अमेरिकी उपराष्ट्रपति 9-11 मार्च के बीच पोलैंड के वारसॉ और रोमानिया के बुखारेस्ट जाएंगी।



सिंह ने कहा, पोलैंड और रोमानिया के नेताओं के साथ अपनी बैठकों के दौरान, उपराष्ट्रपति रूस के यूक्रेन पर अकारण और अनुचित आक्रमण के मद्देनजर अमेरिका और दोनों यूरोपीय देशों के बीच निकट सहयोग एवं समन्वय को आगे बढ़ाएंगी।

## अमेरिका में गडकरी बोले- भारत बड़े पैमाने पर परिवहन के लिए ईवी प्रौद्योगिकी की कर रहा है तलाश

**वाशिंगटन।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारत बड़े पैमाने पर परिवहन के लिए बिजली आधारित प्रौद्योगिकी की तलाश कर रहा है जो किफायती हो और जिसे भारत में ही शुरू किया जा सके। गडकरी ने कहा मंत्रालय की योजना पहाड़ी और भीड़-भाड़ वाले शहरी इलाकों में परिवहन के वैकल्पिक साधन के रूप में रोपवे विकसित करने की भी है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री गडकरी ने अमेरिका में शुक्रवार को लोगों को संबोधित करते हुए कहा, रोपवे, केबल कार और खासतौर पर मेरी बहुत स्पष्ट रूचि हल्के रेल परिवहन की प्रौद्योगिकी पर काम करने की है। उन्होंने कहा कि कुछ अमेरिकी कंपनियों ने उनसे संपर्क किया है जिनके पास ऐसी प्रौद्योगिकी हैं।उन्होंने ने यह बयान रीइमैजनिंग इंडिया-2.0 श्रृंखला के तहत आयोजित 'भारत 2.0 के लिए अवसंरचना के पुनर्निर्माण सत्र' को संबोधित




करते हुए दिया। यह संवाद श्रृंखला, सिलिकॉल वैली मंथली डायलॉग (एसवीडी) का हिस्सा है जिसकी शुरुआत 'फांउडेशन फॉर इंडिया और इंडियन डायसपोरा स्टडीज' (एफआईआईडीएस) ने भारत की आजादी के 75 साल के उपलक्ष्य में चल रहे 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत की है। गडकरी ने कहा, हम ऐसी प्रौद्योगिकी की तलाश कर रहे हैं जो किफायती हो और जिसे हम भारत में ही बड़े पैमाने पर परिवहन प्रणाली को बिजली आधारित बनाने के लिए शुरू कर सकें। उन्होंने बताया कि सरकार की योजना उत्तरखंड, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर और सिक्किम में संपर्क बढ़ाने के लिए 11 रोप वे परियोजनाओं को शुरू करने की है।

## संरा में रूसी राजदूत ने कहा- हम भारतीय विद्यार्थियों और अन्य विदेशियों को यूक्रेन से निकालने को तैयार

**संयुक्त राष्ट्र।** रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सूचित किया कि पूर्वी यूक्रेन के खारकीव और सुमी शहरों में उसकी सैन्य कार्रवाई की वजह से फंसे भारतीय विद्यार्थियों और अन्य विदेशियों को निकालने के लिए उसकी बसें सीमा पर तैयार खडी हैं। यूक्रेन के जापोरिजिया स्थित यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हमले के बाद अल्बानिया, फ्रांस, आयरलैंड, नार्वे, ब्रिटेन और अमेरिका की मांग पर शुक्रवार को सुरक्ष परिषद की आपात बैठक बुलाई गई। बैठक के दौरान रूस के स्थायी प्रतिनिधि और संयुक्त राष्ट्र में राजदूत वैसली नेबेनजिया ने कहा कि रूसी सैनिकयूक्रेन में फंसे विदेशी नागरिकों की शांतिपूर्ण तरीके से निकासी सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि यूक्रेनी राष्ट्रवादियों ने जबरन पूर्वी यूक्रेन के खारकीव और सुमी शहरों में 3700 भारतीय विद्यार्थियों को रखा है।नेबेनजिया ने कहा, आतंकवादी आम लोगों को शहर छोड़ने नहीं दे रहे हैं।

इसका असर यूक्रेन के लोगों पर ही नहीं बल्कि विदेशियों पर भी पड़ रहा है। कई विदेशियों को यूक्रेनी नागरिकों द्वारा जबरन रखना स्तब्ध करने वाला है। खारकीव में 3,189 भारतीय, 2700 वियतनामी और, 202 चीनी नागरिक मौजूद हैं। इसी प्रकार सुमी में 507 भारतीय, 101 घाना के नागरिक और 121 चीन के नागरिक हैं। उन्होंने कहा, ''रूस के बेलगोरोद इलाके में 130 आरामदायक बसें आज सुबह छह बजे से ही नेखोतीवका' और 'सुदजा'



सीमा चौकी पर खारकीव और सुमी जाने और भारतीय विद्यार्थियों एवं अन्य विदेशियों को निकालने के लिए खड़ी हैं। रूसी राजूदत ने बताया कि जांच चौक पर अस्थायी निवास, आराम करने की सुविधा और गर्म खाने की व्यवस्था की गई। साथ ही दवाओं के साथ सचल चिकित्सा केंद्र भी स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा, निकाले गए सभी लोगों को बेलगोरोदले जाया जाएगा और वहां से उनके देशों को भेजा जाएगा। भारतीय विद्यार्थियों को यूक्रेन में बंधक बनाने की खबरों पर नयी दिल्ली में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत के किसी विद्यार्थी को बंधक बनाए जाने की खबर नहीं मिली है।

## यूक्रेन से युद्ध के बीच रूस ने लगाया फेसबुक समेत अन्य वेबसाइटों पर प्रतिबंध

**यूक्रेन।** रूस और यूक्रेन की लड़ाई दिन-ब-दिन एक खतरनाक पड़ाव पर पहुंचती जा रही है, रूसी सैन्य बल यूक्रेनी जमीनों पर तेजी से कब्ज़ा कर रहे हैं। वहीं इस बीच रूस ने देश में फेसबुक समेत कई अन्य वेबसाइटों पर प्रतिबंध लगा दिया है। बता दे कि रूस की सेंसरशिप एजेंसी रोसकोम्नाडजोर ने फेसबुक पर रूसी मीडिया के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। आरोप लगाते हुए रूस ने एक कानून पारित किया है, जिसमें मास्को को इसपर रोक लगाने का तर्क दिया है कि पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के बीच उक्त वेबसाइट फर्जी खबरें चला रहे हैं।

यूक्रेन और रूस के बीच यह एक यूरोपीय राज्य पर अब तक का सबसे बड़ा हमला है। इन सब में, रूस की संसद ने शुक्रवार को फेक न्यूज को लेकर कड़े कानून की घोषणा




युद्ध का दसवां दिन है। रूसी सैनिक तेजी से यूक्रेन के शहरों पर कब्जा कर रहे हैं। आपको बता दें कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, की गई, संसद में एक बड़ी बहस हुई, जिसमें कहा गया कि सेना के खिलाफ फेसबुक समेत अन्य वेबसाइटों द्वारा जान-झकर फर्जी खबर फैलाई जा रही हैं।

**ड्यूमा के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोडिन ने कहा**

रूस के संसद के निचले सदन ड्यूमा के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोडिन ने कहा, 'यह कानून उन लोगों को सजा देगा और बहुत कड़ी सजा जिन्होंने झूठ बोला और बयान दिया, जिससे हमारे सशस्त्र बलों को बदनाम किया गया।' रूस सरकार समर्थित चैनलों और बीबीसी, डायचे वेले और वायस आफ अमेरिका की वेबसाइटों को प्रतिबंधित करने के लिए फेसबुक को बलाक कर रहा है। सीएनएन और सीबीएस न्यूज ने कहा कि वे रूस में प्रसारण बंद कर देंगे, और अन्य आउटलेट्स ने रूसी-आधारित पत्रकारों की बायलाइन को हटा दिया।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

## एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में ही रहेगा पाकिस्तान का नाम, यूएई भी हुआ शामिल

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में वित्तीय कार्रवाई कार्य बल ( ने बैठक के आखिरी दिन अपने ग्रे लिस्ट में शामिल पाकिस्तान को लेकर अहम एलान किया। इसके अनुसार अभी इस लिस्ट से पाकिस्तान का नाम नहीं हटेगा बल्कि इसे जून 2022 तक ग्रे लिस्ट में ही रहेगा।

दरअसल इनका कहना है कि पाकिस्तान ने अतिरिक्त मानदंडों के तहत दिए गए कुछ लक्ष्यों को अभी तक पूरा नहीं किया है। पाकिस्तान जून 2018 से टेरर फाइनेंसिंग और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ी शर्तों को पूरा न करने के कारण FATF की ग्रे लिस्ट में शामिल है। बता दें कि FATF की यह चार दिवसीय बैठक 1 मार्च से शुरू हुई थी।इसके अलावा वैश्विक वित्तीय वाचडाग ने संयुक्त अरब अमीरात को भी अपने ग्रे लिस्ट में डाल दिया है।




पाकिस्तानी अधिकारियों के अनुसार, उनका देश 2023 तक FATF के सभी शर्तों को पूरा कर देगा। FATF ने अक्टूबर 2021 में पाकिस्तान को 34 में से चार शर्त को पूरा न कर पाने के कारण जनवरी 2022 तक के लिए ग्रे लिस्ट में बरकरार रखा था। तब FATF ने कहा था कि पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र से प्रतिबंधित आतंकी समूहों के शीर्ष नेताओं के खिलाफ टेरर फाइनेंसिंग की जांच और सजा दिलवाने में लापरवाही बरती है।

**2018 में ग्रे लिस्ट में आया था पाकिस्तान का नाम**

पाकिस्तान के नाम को जून 2018 में ग्रे लिस्ट सूची में डाला गया था। अक्टूबर 2018, 2019, 2020, अप्रैल और अक्टूबर 2021 में हुए समीक्षा में भी पाकिस्तान को राहत नहीं मिल सकी। क्योंकि यह FATF की सिफारिशों पर काम करने में विफल रहा है। इस दौरान पाकिस्तान में आतंकी संगठनों को विदेशों से और घरेलू स्तर पर आर्थिक मदद मिली है।की ब्लैक लिस्ट में ईरान और उत्तर कोरिया शामिल हैं जिन्हें बाहर से निवेश पाने और अंतरराष्ट्रीय व्यापार करने में काफी परेशानी होती है।

# रूस पर युद्ध विराम उल्लंघन का आरोप, मारियुपोल में गोलाबारी

**कीव।** यूक्रेन पर रूस के हमले के दसवें दिन शनिवार को रूस ने विदेशी नागरिकों की निकासी के लिए युद्ध विराम का एलान किया है। अब यूक्रेन प्रशासन रूस पर युद्ध विराम उल्लंघन का आरोप लगा रहा है। यूक्रेनी शहर मारियुपोल में गोलाबारी के कारण निकासी योजना को स्थगित कर दिया गया है। मारियुपोल के उप मेयर सर्गी ऑरलोव ने कहा है कि लोग शहर से निकलने की कोशिश कर रहे हैं तो उन पर गोलाबारी की जा रही है। उन्होंने कहा किं पहले हमारे लोगों ने कहा कि कुछ देर के लिए गोलाबारी बंद होगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। रूसी सेना मारियुपोल पर बम और रॉकेट बरसा रही है। शहर पर गोलाबारी और जपोरिजिया के लिए मार्ग पर लड़ाई की वजह से लोगों को निकालना असंभव है। अधिकारियों ने कहा कि नागरिकों के लिए शनिवार को जिस निकासी की योजना बनाई गई थी, उसे स्थगित कर दिया गया है। ऐसा शहर की घेराबंदी कर रहे रूसी सैनिकों द्वारा आपसी सहमति से लागू किए गए संघर्ष विराम का सम्मान नहीं करने की वजह से करना पड़ रहा है। सिटी काउंसिल ने एक बयान में लोगों से अपने शेल्टरों में लौटने और आगे की सूचना का इंतजार करने के लिए कहा है।उन्होंने कहा कि हम पूरे निकासी मार्ग के साथ संघर्ष विराम की पुष्टि के लिए रूसी पक्ष के साथ बातचीत करं रहे हैं।

इस बीच यूक्रेन सेना की ओर से जारी आंकड़ों में दावा किया गया है कि अब तक की जंग में रूस के 10 हजार सैनिकों को मारा जा चुका है। साथ ही बड़ी संख्या में हथियारों को नष्ट किया गया है। यूक्रेन की ओर से रूस के 40 हेलीकॉप्टर्स और 269 टैंक नष्ट करने का दावा किया गया है। इस बीच रूस के हमले के बाद यूक्रेन में 12 लाख लोगों ने घर छोड़ दिया है। उन्होंने समीपवर्ती के देशों में शरण ली है। सबसे ज्यादा 6.50 लाख लोग भाग कर पोलैंड गए हैं।